हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-262, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, शुक्रवार 07 मार्च 2025



पांच दशक से लंबित बरनार जलाशय योजना का होगा निर्माण...02

बेखौफ चोरों ने ज्वेलर्स की दुकान को बनाया...06



सोना 424 गिरकर 85,876 पर आया

जियोस्टार 1100 कर्मचारियों को निकालेगी



सेंसेक्स 609 अंक चढ़कर 74,340 पर बंद

## संक्षिप्त समाचार

### पूंजीवाद समर्थक नीति पर चल रहीं हैं भाजपा सरकारें: मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पूंजीवाद समर्थक नीति का अनुसरण कर रही है। सुश्री मायावती ने गुरुवार को कहा कि सर्वविदित है कि केन्द्र व यूपी सहित अन्य राज्यों की सरकारें अपनी आर्थिक नीति, बजट व अर्थव्यवस्था आदि को लेकर जो बड़े-बड़े दावे कर रही है वे ज्यादातर हवाहवाई हैं। सरकार की अधिकतर नीतियों एवं कार्यक्रमों से मुट्ठी भर बड़े-बड़े पूंजीपति व धन्नासेठ और अधिक धनवान बन रहे है और इन जैसे लोगों की संख्या दिन दोगुणी व रात चौगुनी बढ़ रही है, जो कि यह सरकार की पूंजीवाद समर्थक नीति का जीता जागता प्रमाण है। उन्होने कहा कि सरकारों का संवैधानिक दायित्व अमीरों को और अधिक अमीर बनाने के बजाय दलितों, आदिवासियों, सवा सौ करोड़ नागरिकों की गरीबी, बेरोजगारी व हर प्रकार के इनके पिछड़ेपन को दूर करना चाहिये।

### गंगा सफाई गारंटी पर अपना वादा भूल गये मोदी: खरगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 साल पहले मां गंगा की सफाई के लिए 'नमामि गंगा योजना' शुरू कर वादा किया था कि वह गंगा को निर्मल बना देंगे लेकिन सच यह है कि इस अभियान के लिए आवंटित आधी राशि खर्च भी नहीं हुई और जो पैसा खर्च हुआ उससे गंगा साफ नहीं हुई। श्री खरगे ने प्रधानमंत्री की गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी जी ने कहा था कि उनको 'माँ गंगा ने बुलाया है' पर सच ये है कि उन्होंने गंगा सफ़ाई की अपनी गारंटी को 'भुलाया' है। क़रीब 11 वर्ष पहले, 2014 में, नमामि गंगे योजना शुरू की गई थी।









# प्रदेश में 10 लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार: योगी



**गोरखपुर, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि युवा देश की ऊर्जा हैं। इन्हें सही राह दिखाकर उचित अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। पीएम मोदी की प्रेरणा से डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है। सीएम योगी ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। एमएसएमई विभाग की तरफ से लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। सीएम ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं। यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपये वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है। आज 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ ऋण वितरण की व्यवस्था की गई है। सीएम ने युवाओं से कहा कि मुझे पहले भी आप पर विश्वास था और आज भी है। किसी ने टेराकोटा तो किसी ने केला और किसी ने इसके रेसे से उत्पाद बनाए हैं। केले से चिप्स, रॉ मटेरियल से अचार, जूस, रेसे से बाल, बैग भी बनाए जा रहे हैं। वेस्ट को वेल्थ में बदलने की यही कला-विजन है। हमें समाज को भी उसी दिशा में लेकर चलना है। सीएम ने कहा कि सर्वाधिक प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट से युक्त काला नमक चावल सिद्धार्थनगर, महराजगंज पैदा होता है। पूर्वी उप्र में ढाई हजार वर्ष से इसका उत्पादन हो रहा है। युवा उद्यमी इसके उत्पादन, पैकेजिंग, एक्सपोर्ट से भी जुड़े हैं। गोरखपुर के टेराकोटा, महराजगंज के कारपेंटर, संतकबीर के बखिरा का पीतल उद्योग भी युवा उद्यमी से जुड़ा है।

### सामर्थ्य व ऊर्जा से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है भारत

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नई दिशा में चला है। पिछले 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका नए युवा उद्यमियों की होगी। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप, स्टैंडअप, मेक इन इंडिया की संस्कृति को आगे बढ़ाया गया, जो युवाओं को बढ़ाकर आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार कर रहा है।

### युवाओं के विजन को धरातल पर उतारेंगे

सीएम ने कहा कि आज गोरखपुर व बस्ती के सातों जनपद (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर) के युवाओं को ऋण वितरित किया गया। सीएम ने कहा कि जब हम यह स्कीम बना रहे थे, तभी आपकी ऊर्जा पर विश्वास था। हमें पता था कि आपके पास विजन है, उसे धरातल पर उतारने के लिए पूंजी की आवश्यकता है। कई नौजवान स्टार्टअप-कारोबार प्रारंभ करना चाहते, लेकिन पूंजी का अभाव होता है।

### उत्तर प्रदेश ने समृद्धि व खुशहाली के नए दौर में किया प्रवेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने समृद्धि व खुशहाली के नए दौर में प्रवेश किया है। एक्सपोर्ट बढ़ा है। हमने यूपी के अगले स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान स्कीम लागू की, जिससे कारीगर, हस्तशिल्पी सम्मान पा सकें। मुख्यमंत्री ने युवाओं ने कहा कि धैर्य के साथ व्यवसाय कीजिए, पूंजी बढ़ती जाएगी और समृद्धि आती जाएगी। सीएम युवा उद्यमी का भी यही उद्देश्य है और सरकार इसी उद्देश्य के साथ काम भी कर रही है।

### अब यहां का युवा उद्यमी दुबई भेज रहा रेडिमेड गारमेंट्स

सीएम ने कहा कि नए कार्य करने वालों को सरकार नया अवसर देगी। सरकार ने 1000 करोड़ रुपये दिया है और कहा है कि केवल 31 मार्च तक प्रदेश भर के नए युवा उद्यमी तैयार करने के लिए इसका उपयोग कीजिए। पहली अप्रैल से फिर एक हजार करोड़ रुपये मिलने वाले हैं, जिससे एक लाख नए युवा उद्यमी पैदा होंगे। पहले दुबई का सामान यहां आता था, लेकिन अब यहां का युवा उद्यमी रेडिमेड गारमेंट्स बनाकर दुबई भेज रहा है। इससे पैसा और रोजगार देश में मिलेगा। नया भारत सबके चेहरे पर खुशहाली लाना चाहता है।

### हौसला से उड़ान का रास्ता तय करेगा युवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा है और वे कुछ नया कर सकते हैं। जिन सीएम युवा उद्यमियों को पहले यह सुविधा मिली है, मैंने उनके स्टॉल पर जाकर उनके द्वारा किए गए कार्यों को देखा है। युवाओं ने रेडिमेड गारमेंट्स, फूड प्रोडक्ट समेत कई कारोबार प्रारंभ किया है। आज काम की कमी नहीं है, बस हौसला चाहिए। हौसला है तो युवा उड़ान का रास्ता तय कर लेगा, सरकार संबल बनने को तैयार है।

### देश की सबसे लोकप्रिय स्कीम बन गई ओडीओपी

सीएम योगी ने बताया कि अलग-अलग स्थापना दिवस पर यूपी में अलग-अलग स्कीम लागू की गई थी। 24 जनवरी 2018 को यूपी के पहले स्थापना दिवस पर वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) स्कीम लागू की। यह आज देश की सबसे बड़ी व लोकप्रिय स्कीम बन गई है। यूपी में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। अब हमारा युवा केवल जॉब लेने का नहीं, बल्कि नौकरी देने का भी कार्य कर रहा है। वह हर यूनिट में कम से कम एक से 10 लोगों को कार्य दे सकता है। 96 लाख एमएसएमई यूनिट तीन करोड़ से अधिक युवाओं को प्रदेश में काम दे रहा है।

### बैंक अधिकारियों को तेजी से काम करने के दिए गए हैं निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बैंक में पहले लोन नहीं मिल पाता था। अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में बैठक ली है। इसमें बैंक के अधिकारियों को तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। अभी तक 25 हजार लोगों का लोन स्वीकृत, 10 हजार से अधिक का वितरण भी हो चुका है। यह बैंक के सीडी रेशियो को बढ़ाने का भी माध्यम है। बिजनेस तभी बढ़ेगा, जब आप पूंजी लगाएंगे। मुख्यमंत्री ने सांसद रवि किशन के बातों की चर्चा करते हुए कहा कि महाकुम्भ पर डबल इंजन की भाजपा सरकार ने जनता की आस्था का सम्मान किया। आस्था का सम्मान आजीविका का आधार बनी। अर्थव्यवस्था को इससे नई गति प्राप्त हुई। साढ़े सात हजार करोड़ खर्च करें और अर्थव्यवस्था में साढ़े तीन लाख करोड़ की ग्रोथ हो। यह दुनिया के लिए चमत्कार है, लेकिन भारत के लिए दिनचर्या का हिस्सा है। सीएम ने माली, धोबी नाविक का उदाहरण दिया। प्रयागराज के नाविक की चर्चा करते हुए सीएम ने बताया कि उस परिवार के पास 130 नाव है, जिससे उसने 45 दिन में 30 करोड़ रुपये कमाया है।

### एससी-एसटी, महिला व अतिपिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान

सीएम ने कहा कि उपराष्ट्रपति के हाथों मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम का पोर्टल प्रारंभ कराया। इसमें हमने व्यवस्था दी कि एक वर्ष में एक लाख नए उद्यमी, पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराएंगे। 10 प्रतिशत तक मार्जिन मनी भी सरकार उपलब्ध कराएगी। अनुसूचित जाति-जनजाति, महिला व अतिपिछड़ी जाति के लिए अतिरिक्त सुविधा का प्रावधान किया गया है। यह लोग भी आज इस कार्यक्रम के साथ जुड़े हैं।

### अच्छा कार्य करेंगे तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा

मुख्यमंत्री ने मंत्र दिया कि जो भी मेहनत करेगा, उसे ऐसे ही परिणाम प्राप्त होगा। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, संस्कृति व समृद्धि भी है। कारोबार शुदध नीयत से करें। अच्छा कार्य करेंगे तो अच्छा परिणाम मिलेंगे। जिस नीयत से कार्य करेंगे, परिणाम वैसे ही मिलेगा। बैंक की मूल पूंजी आपको जमा करनी होगी। दस प्रतिशत मार्जिन मनी पहले लगाने की तैयारी कीजिए, फिर सरकार भी 10 प्रतिशत मार्जिन मनी देगी। नियमित किस्त आप चुकाइए, ब्याज सरकार चुकाएगी। कारोबार को बढ़ाना चाहेंगे तो साढ़े सात लाख, फिर दस लाख की लिमिट लेंगे तो आपका कारोबार बढ़ता जाएगा, सरकार हर संबल में आपके साथ खड़ी दिखाई देगी। कार्यक्रम में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, सांसद रवि किशन, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, राजेश त्रिपाठी, महेंद्र पाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, विमलेश पासवान, सरवन निषाद, अनिल त्रिपाठी, जयमंगल कन्नौजिया, डॉ. असीम कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, उप्र महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल, कालीबाड़ी मंदिर के महंत रवींद्र दास जी महराज, आयुक्त व निदेशक उद्योग के. विजयेंद्र पांडियन आदि मौजूद रहे।

## जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी :जयशंकर




**लंदन, एजेंसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर मसले का एकमात्र बाकी हल पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले हिस्से की वापसी है। डॉ. जयशंकर ने कल शाम यहां चैथम हॉल में संवाद कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार के जम्मू-कश्मीर के मसले के समाधान के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, हमने इसमें से अधिकांश को हल करने के लिए अच्छा काम किया है। अनुच्छेद 370 को हटाना, विकास और समृद्धि को बहाल करना, चुनाव आयोजित करना जिसमें अभूतपूर्व मतदान दर्ज किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा, हम जिस चीज़ का इंतजार कर रहे हैं, वह कश्मीर के चोरी हुए हिस्से की वापसी है, जो अवैध पाकिस्तानी कब्जे में है। जब ऐसा किया जाएगा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, कश्मीर मसला हल हो जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने पूछा था कि अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शांति एवं बातचीत से विवादों के समाधान के पक्षधर हैं तो क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कश्मीर के मसले के समाधान के लिए बात करेंगे। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की नीतियों के भारत पर प्रभाव से संबंधित एक सवाल के जवाब में कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमने जो कुछ भी देखा है, वह वैसा ही है जैसी हमें पहले से उम्मीद थी। मुझे तो इस बात का आश्चर्य है, लोग आश्चर्यचकित हो रहे हैं। इससे पहले लंदन की सड़कों पर खालिस्तानी अलगाववादियों एवं आतंकवादियों ने विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर के काफिले को रोक कर भारत विरोधी नारेबाजी की और भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ कर अपमान किया। लंदन पुलिस के अधिकारी इस घटना के मूकदर्शक बने रहे। इस घटना की भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी निंदा की है और ब्रिटिश सरकार का उसके राजनयिक दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया है।

## रेखा गुप्ता ने व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों के साथ किया संवाद

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली के व्यापार एवं औद्योगिक संगठनो के साथ विकसित दिल्ली बजट पर दिल्ली विधानसभा में आयोजित संवाद में विस्तृत विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने व्यापारिक संगठनों से संवाद के बाद कहा कि आज हमें खुशी है कि इतनी कम अवधि में निमंत्रण मिलने पर भी आज दिल्ली के व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों ने हमारे साथ मिलकर विकसित दिल्ली बजट का प्रारूप तैयार करने के लिए अपने सुझाव और अपेक्षाओं को साझा किया। दिल्ली के राजस्व को बढ़ाने के लिए हमारे व्यापार एवं औद्योगिक संगठन मुख्य भूमिका निभाते है। हमारी सरकार की यह कोशिश रहेगी की संवाद के दौरान उठाए गए मुद्दों पर आवश्यक कदम उठाए जाएगें। यह जरूरी है कि हम दिल्ली के व्यापार एवं औद्योगिक संगठनो की अपेक्षाओं और जरूरतों को समझकर कार्य करें।

## भारत में एआई क्रांति, विकसित भारत का भविष्य

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत अपनी बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था का सहयोग करने के लिए तेजी से एक मजबूत एआई कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर अवसरंचना ढांचे का निर्माण कर रहा है। इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय ने गुरूवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस(एआई) में उल्लेखनीय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार सक्रिय रूप से एक एआई इकोसिस्टम को स्वरुप दे रही है, जहाँ कंप्यूटिंग पावर, जीपीयू और अनुसंधान के अवसर वहनीय कीमत पर उपलब्ध हैं। पहले के समय की तुलना में, भारत में अब एआई ना तो कुछ विशेष लोगों तक सीमित है और ना ही इसमें वैश्विक तकनीकी दिग्गजों का वर्चस्व है। दूरदर्शी नीतियों के माध्यम से, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप्स और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई अवसंरचना के साथ सशक्त बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। इंडिया एआई मिशन और एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना जैसी पहल देश के एआई इकोसिस्टम को मजबूत कर रही है, जिससे इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। ये प्रयास 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं, जहां भारत आर्थिक विकास, शासन और सामाजिक प्रगति के लिए अत्याधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए एक वैश्विक एआई पावरहाउस बनने की आकांक्षा रखता है। भारत अपनी बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था का सहयोग करने के लिए तेजी से एक मजबूत एआई कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर अवसरंचना ढांचे का निर्माण कर रहा है। वर्ष 2024 में इंडियाएआई मिशन की अनुमति के साथ, सरकार ने एआई क्षमताओं को मजबूत करने के लिए पांच वर्षों में 10,300 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इस मिशन का एक प्रमुख केंद्र 18,693 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) से लैस एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा का विकास है।



## वर्ष 2030 तक सडक दुर्घटनाएं 50 फीसदी कम करने का लक्ष्य: नितिन गडकरी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा उपायों को तत्काल लागू करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि सड़क निर्माण में नयी प्रौद्योगिकी और टिकाऊ निर्माण सामग्री का इस्तेमाल कर सड़क सुरक्षा के लिए रणनीति ढंग से काम करने का आज आह्वान किया। श्री गडकरी ने यहां 'विज़न जीरो-टिकाऊ इंफ्राटेक और सुरक्षित सड़कों के लिए नीति' विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश में होने वाली ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएँ सड़क डिजाइन, निर्माण और प्रबंधन में खराब सिविल इंजीनियरिंग, अनुचित सड़क संकेत और चिह्न प्रणाली के कारण होती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि स्पेन, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड जैसे देशों में जो काम हो रहा है उसका अनुकरण कर भारत में सड़क सुरक्षा के उपाय होने चाहिए। उनका कहना था कि भारत में साल में 4,80 हजार सड़क दुर्घटनाएँ, 1,80,हजार मौतें और लगभग चार लाख गंभीर चोट लोगों को लगने का आकड़ा है।

## एमपी की कोयला खदान में दबकर 3 कर्मचारियों की मौत

### साढ़े 3 किमी अंदर छत धंसी, बैतूल में वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड हादसा



**बैतूल, एजेंसी।** बैतूल में कोयला खदान में दबकर 3 कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों के शव खदान से बाहर निकाले गए हैं। हादसा वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 3 बजे हुआ। यहां छतरपुर-1 खदान के मुहाने से करीब 3.5 किलोमीटर अंदर कंट्यूनर माइनर सेक्शन में कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी दौरान छत ढह गई। बताया जा रहा है कि कोयला खदान की 10 मीटर की छत गिर गई थी। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू टीम ने तीन शव खदान से बाहर निकाले हैं। एसपी निश्चल झारिया ने इन तीनों की मौत होने की पुष्टि की है। एसडीएम अभिजीत सिंह ने बताया कि सिर्फ तीन केजुअल्टी ही है। अंदर और कोई नहीं फंसा है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए घोड़ाडोंगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। शुक्रवार सुबह शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया भी घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन को लेकर जरूरी निर्देश दिए। विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे भी मौके पर पहुंचे हैं। कलेक्टर ने जीएम, डब्ल्यूसीएल को लाइफ कवर स्कीम से डेढ़ लाख की सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## भारत के युवा विश्व में नवाचार और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि भारत के ऊर्जावान और दूरदर्शी युवा पूरी दुनिया में नवाचार और अनुसंधान में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। श्री बिरला ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित बिजनेस कॉन्क्लेव में छात्रों और अन्य आमंत्रित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की उन्नति को गति देने में युवाओं की अपरिहार्य भूमिका होती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत के युवा और महिलाएं अपनी बुद्धिमता और कड़ी मेहनत से पूरी दुनिया में परिवर्तनकारी बदलाव लाएंगे।

## भारत पूरे ध्यान से अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पर विशेष ध्यान देते हुए अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में इस विषय में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा लिखे गए लेख को जोड़ कर कहा, केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), एआई, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर ज़ोर देकर अपने डिजिटल भविष्य को आकार दे रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों ने अंग्रेजी में प्रकाशित श्री वैष्णव के इस लेख को पढ़ने की अपील की है।

# पांच दशक से लंबित बरनार जलाशय योजना का होगा निर्माण

**➪ बोली: जमुई को मिली 11 बड़ी योजनाओं की सौगात ➪ प्रगति यात्रा के दौरान सीएम के द्वारा किया गया ऐलान मंजूर**




**तीसरा विकल्प न्यूज़ कन्हैया सिंह**

जमुई पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान जमुई में जिन 11 बड़ी विकास योजनाओं का ऐलान किया था , उन सभी की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।सन 1976 से लंबित बरनार जलाशय योजना , डिग्री कॉलेज , सड़क , पर्यटन , खेल सुविधा का विकास , पुल का निर्माण आदि हितकारी योजनाएं इनमें शामिल है। जिला कलेक्टर अभिलाषा शर्मा ने गुरुवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में बारीकी से खबरनबिसों से कथोपकथन करते हुए कहा कि 1976 से लंबित बहुप्रतीक्षित और बहुउद्देशीय बरनार जलाशय योजना की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। इस योजना पर 2579 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। यह सिंचाई योजना करीब 50 साल से लंबित है। इसके निर्माण से सोनो , झाझा , गिद्धौर और खैरा प्रखंड के 22 हजार हेक्टेयर से ज्यादा की भूमि का पटवन संभव हो सकेगा। उन्होंने इसी संदर्भ में कहा कि चकाई में 14 करोड़ से ज्यादा की राशि से डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाएगी। इससे स्थानीय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। अपर किऊल जलाशय योजना विस्तारीकरण और नहरों का पक्कीकरण किया जाएगा। इस पर 62 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इसके निर्माण से जमुई , खैरा और सिकंदरा प्रखंड के 16 हजार हेक्टेयर से ज्यादा भूमि को आसानी से सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। गढ़ी डैम का इको टूरिज्म के दृष्टिकोण से विकास किया जाएगा। इस पर 03 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इसके निर्माण हो जाने के बाद पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। गढ़ी से लछुआड़ जाने वाली सड़क पर किऊल नदी पर नया पुल बनाया जाएगा। पुल निर्माण पर 05 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इस पुल के निर्माण से लछुआड़ जाने वाले पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही 15 हजार से ज्यादा आबादी को भी फायदा होगा। खेल को बढ़ावा देने के लिए गिद्धौर स्टेडियम का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। इस योजना पर 16 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। स्टेडियम के निर्माण से प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलेगा। जमुई प्रखंड मुख्यालय से सटे पत्नेश्वर धाम को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित एवं सौंदर्यीकृत किया जाना है। इस योजना पर 09 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इससे पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर अर्थव्यवस्था का विकास होगा। हरनारायणपुर-चौरा पथ से सिकेरिया गांव तक सड़क और पुल बनाया जाएगा। इस हितकारी योजना पर 29 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इस सड़क और पुल के निर्माण से बीजुआही , पहाड़पुर , रतनपुर , कुंधुर , गुगुलडीह , गेनाडीह , बनाडीह आदि गांवों की करीब 46 हजार आबादी लाभांवित होगी। बरहट प्रखंड के डाढ़ा ग्राम पंचायत में नकटी नदी पर दुर्गा मंदिर से पमैया तक पुल बनाया जाएगा। इस पुल के निर्माण पर 07 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। यह पुल एक आरसीडी पथ को दूसरे आरसीडी पथ से जोड़ेगा। इसके निर्माण हो जाने के बाद डाढ़ा , कटौना , सुदामापुर , कालापत्थर आदि गांवों की बड़ी आबादी लाभांवित होगी। जमुई जिले के चकाई , जमुई सदर और सोनो प्रखंड में नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन बनाए जाएंगे वहीं ई. अलीगंज , बरहट एवं गिद्धौर कुल तीन प्रखंडों में प्रखंड सह अंचल सह आवासीय परिसर भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस हितकारी योजना पर 142 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इसके निर्माण से प्रखंड सह अंचल कार्यालय का सुदृढ़ीकरण होगा। साथ ही आगंतुकों को काफी सुविधा मिलेगी। डीएम ने कहा कि जमुई शहर के समीप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा। इसमें शूटिंग रेंज भी शामिल है। इस पर 32 करोड़ से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। इससे खेलों को बढ़ावा मिलेगा। इसके बन जाने के बाद प्रतिभावान बाजीगर अपनी प्रतिभा को चमका सकेंगे। अभिलाषा शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उक्त योजनाओं के अलावे प्रगति यात्रा के दरम्यान कई हितकारी कार्य भी किए। उन्होंने यात्रा के दरम्यान चिह्नित लोगों के बीच चेक का वितरण किया वहीं आंगनवाड़ी केंद्र जाकर वहां की गतिविधियों से भी रूबरू हुए। उन्होंने जमुई में महिला कॉलेज , महिला थाना , श्रम भवन आदि का लोकार्पण भी किया , जिसके परिणामस्वरूप सीएम का यह कथन सच साबित हुआ कि ÷हमने जो कहा , वह पूरा किया।÷ उन्होंने घोषित कल्याणकारी योजनाओं को विकास की ओर बढ़ते ऐतिहासिक कदम की संज्ञा दी। डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल , एसडीएम अभय कुमार तिवारी , जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी भानू प्रकाश आदि नामित पदाधिकारी कथोपकथन में उपस्थित थे।

## महिला आयोग के आदेश पर इंस्ट्राग्राम पर युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने का मुकदमा दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। इंस्ट्राग्राम पर युवती का अश्लील वीडियो वायरल व जान-माल की धमकी देना युवक को महंगा पड़ा। पीड़ित युवती के दादी की गुहार को राज्य महिला आयोग ने संज्ञान में लिया। आयोग के आदेश पर बुधवार को गहमर कोतवाली पुलिस ने बिट्टू शर्मा पुत्र अशोक शर्मा निवासी गांव-डोमनपुरा, थाना-मुहम्मदाबाद के विरुद्ध आपत्तिजनक वीडियो फोटो वायरल करने व धमकी देने आदि बीएनएस की विभिन्न धाराओं में एफआइआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पीड़ित युवती की दादी ने राज्य महिला आयोग को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मेरी पौत्री से बिट्टू शर्मा जबरदस्ती शादी करने का दबाव बना रहा था। जिससे परिवार के लोग शादी से इन्कार करते हुए अपनी पौत्री की शादी कहीं और तय कर दिया। जब उसे पला चला कि युवती की शादी कही और तय हो गयी है तो वह सोशल मिडिया पर फोटो को इडिट करके अवैध तरीके से इंस्ट्राग्राम, फेसबुक आदि सोशल साइट पर पोस्ट करना शुरु कर दिया है। साथ ही मेरी पौत्री को जान से मारने की धमकी दे रहा है। जिससे पूरा परिवार डरा व सहमा हुआ है। गहमर प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

## ट्रेलर की टक्कर से एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता गाजीपुर**

गाजीपुर। रेवतीपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की रात तिलक समारोह से लौटते समय ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं साथ बैठें दूसरे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना नवली गांव के पास ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे पर हुई। हादसे में बाइक चालक पिंटू राम (35) की मौत हो गई। उनके साथी पवन कुमार (24) गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों युवक दिलदारनगर थाना क्षेत्र के कुशी के रहने वाले थे। वे नवली गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। तभी भदौरा की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने पिंटू राम को मृत घोषित कर दिया। पिंटू राम चार भाइयों में सबसे बड़े थे। तीन साल पहले गोड़सरा में उनकी शादी हुई थी। वे मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से पत्नी बुलबुल और मां सीमा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## चंद्रशेखर तिवारी होंगे जमुई के नए अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ कन्हैया सिंह**

जमुई पटना। बिहार सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अपने अधीनस्थ छः पदाधिकारियों का तबादला कर दिया है। गोपालगंज के अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी चंद्रशेखर तिवारी को जमुई का नया अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बनाया गया है। सरकार ने इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी है।

## शराब की दुकानों की ई लॉटरी प्रक्रिया हुई संपन्न

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई**



हरदोई। गाँधी भवन प्रांगण में मंडलायुक्त रोशन जैकब की उपस्थिति में जनपद हरदोई में आबकारी विभाग की मदिरा एवं भाँग की दुकानों के व्यवस्थापन वर्ष 2025-26 की ऑनलाइन ई-लॉटरी की प्रक्रिया संपन्न हुई। सबसे पहले देशी दुकानों के रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया हुई। इसके बाद कम्पोजिट दुकानों व सबसे अन्त में भाँग की दुकानों की प्रक्रिया हुई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। इसमें त्रुटि की गुंजाइश नहीं है। जिला आबकारी अधिकारी ने पूरी प्रक्रिया के बारे में आवेदकों को विस्तार से बताया। आज की प्रक्रिया में 400 देशी शराब, 126 कम्पोजिट व 12 भाँग की दुकानों की ई लॉटरी संपन्न हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, सहायक आबकारी आयुक्त संजय त्रिपाठी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिस ने गुमशुदा दो बच्चों को 2 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों से मिलाया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता हरदोई**

मझिला,हरदोई। ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत मझिला पुलिस ने गुमशुदा दो बच्चों को 2 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर परिजनों से मिला दिया है। सीओ शाहाबाद अनुज मिश्र ने बताया कि मझिला थाना क्षेत्र के गंगापुरवा निवासी किंदरलाल ने गुरुवार को थाने पर तहरीर दी, जिसमें बताया कि 10 व 9 वर्षीय उनके दोनों बेटे घर के बाहर खेलते समय लापता हो गए, तथा काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। बच्चों की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु एसपी हरदोई द्वारा टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी नीरज कुमार जादौन के निर्देश में जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत पुलिस टीम द्वारा स्थानीय लोगों व सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। सीओ श्री मिश्र ने बताया कि प्राप्त सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक मझिला उमाकांत दीपक ने पुलिस टीम के साथ उक्त गुमशुदा दोनों बच्चों को 2 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया। सीओ ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई पूरी कर दोनों बच्चों को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। इस दौरान परिजनों द्वारा मझिला पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



## तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पाल को द इंडियन एक्सप्रेस द्वारा किया गया सर्वश्रेष्ठ जिला मजिस्ट्रेट पुरस्कार से सम्मानित



**तीसरा विकल्प न्यूज़ पंकज नाथ**

असम। तिनसुकिया जिला आयुक्त स्वप्निल पाल को देश की प्रमुख अखबार संस्थान इंडियन एक्सप्रेस द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रशासक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें एक वर्ष के भीतर तिनसुकिया (तिंगराई), दमदुमा और मार्घेरिटा में डंपसाइट्स से 1.53 लाख मीट्रिक टन कचरे को पूरी तरह से खत्म करने में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कार मिला है। पहली बार, एक जिले ने कचरे की इस मात्रा के निपटान के लिए जैव-खनन और बायोरेमेडिएशन विधियों को सफलतापूर्वक लागू किया है, जिसने वास्तव में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में एक नई दिशा खोली है। पिछले मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में केन्द्रीय रेल, सूचना और प्रसारण तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें औपचारिक रूप से यह पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह भी उपस्थित थे। इंडियन एक्सप्रेस समूह की एक विज्ञप्ति में, यह कहा गया है कि उन जिला मजिस्ट्रेटों को पुरस्कार दिए गए हैं जिन्होंने पिछले दो वर्षों में देश की प्रगति के लिए उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान की हैं। इनमें तिनसुकिया के जिला आयुक्त स्वप्निल पाल भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि, पाल को पिछले साल असम सरकार द्वारा दिए गए कर्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

# सांवरे जब तू मेरे साथ है तो डरने की क्या बात है....

**➲ श्री श्याम फागुन महोत्सव में रात से लेकर भोर तक झूमे श्याम प्रेमी ➲ प्रख्यात भजन गायिका अनुष्का-अधिष्ठा व संदीप मस्ताना, अनुराग बंसल ने भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को किया भाव विभोर**



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता मैनपुरी**

मैनपुरी। शहर के नटराज होटल वाली गली स्थित भगवती गार्डन में श्री श्याम भक्त सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पांचवों श्री श्याम फागुन महोत्सव में देर रात प्रख्यात भजन गायिका अनुष्का-अधिष्ठा व संदीप मस्ताना, अनुराग बंसल ने श्याम भक्तो को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या का शुभारंभ आगरा से आए अनुराग बंसल ने गणेश वंदना से की, इसके बाद हनुमान जी की स्तुति की, जय हो पवन कुमार में बारी जाऊं बाला जी...., लहर लहराये रे झण्डा बजरंग बली का...., पहले जयसिया राम बोलो.... आदि भजन सुना कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कन्नौज से आए प्रख्यात भजन गायक संदीप मस्ताना ने श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में...., एक मुलाकात जरूरी है किशन...., तुझ बिन बाबा कौन हमारा...., तुम्हारी शरण मिल गई सांवरे तुम्हारी कसम मुझे जिन्दगी मिल गई मुझे...., श्रीराम भी मिलेंगे हनुमान भी मिलेंगे....., सब झूमो नाचो वो आने वाला है हम बाराती बाबा दूल्हा बनने वाला है..., आएगा नीले घोड़े पर चढ़ के....., मेरा श्याम दयालु है.... आदि भजन सुना कर पूरे पंडाल बैठे श्रद्धालुओं को खड़े होकर नृत्य करने पर विवश कर दिया। इसके बाद मध्य प्रदेश की प्रख्यात भजन गायिका अनुष्का-अधिष्ठा लाल लंगोटों हाथ में सोटो तुम्हारी जय हो पवन कुमार..., वीर हनुमाना अति बलवाना राम-राम जपियो रे प्रभु मन वसियो रे...., मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जायेगें राम आयेगें....,ने अपने निराले अंदाज में सांवरे जब तू मेरे साथ है तो डरने की क्या बात है...., इसके बाद उन्होंने हारा हूँ बाबा पर तुझ पे भरोसा है....., मिट जाऊंगी श्याम तेरी मटकन पे......, पकड़ लो हाथ बनवारी नहीं तो डूब जाउंगा...., श्रोताओं की फरमाइश पर होली खेल रहे बांके बिहारी..., अवध में होली खेले रघुवीरा.... सुनाकर होलीमय माहौल बना दिया। जुल्म कर डारो, सितम कर डारो सुनाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके उपरांत श्री श्याम भक्त सेवा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष दीपांशू गुप्ता, सचिव सार्थक तिवारी, उपाध्यक्ष साहिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष केशव कालरा, कार्यकारिणी सदस्य अभय यादव ,आयुष सक्सेना ,लव मिश्रा ,समीर शर्मा ,अनिरुद्ध वर्मा आदि ने आरती की तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर सुरेश चंद्र बंसल बीनू, अशोक गुप्ता पप्पू, आशुतोष तिवारी पत्रकार, समाज सेवी लक्ष्मी नारायण तापड़िया,सचिन मिश्रा छोटू आर.बी. प्लाईवुड फर्रुखाबाद, मनीष तापड़िया, दिलीप, राहुल तिवारी, नीतन गुप्ता, संजय खन्ना, राजू, यूवी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मैं उन्नाव कि जनता के लिए हमेशा खड़ी रहूंगी – पूर्व सांसद



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव**

उन्नाव। बांगरमऊ तहसील के गांव खैरुद्दीन पुर में लगी भीषण आग से प्रभावित दो दर्जन से अधिक परिवारों की मदद करने के लिए पूर्व सांसद व सपा राष्ट्रीय सचिव अन्नू टंडन जी ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी दयनीय स्थिति को जाना और व्यक्तिगत रूप पीड़ित परिवारों को जिंदगी नए सिरे से शुरू करने में मदद करते हुए अनाज, कपड़े, तिरपाल, बर्तन आदि सामग्री भेंट की जिससे प्रभावित परिवार को कष्ट से उबरने में मदद मिल सके। अन्नू टंडन जी ने अग्निकांड प्रभावित परिवारों से मिलकर सांत्वना देते हुए कहा कि जिन परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया, उनके कष्ट को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह संकट की घड़ी अत्यंत कठिन है, लेकिन मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि आप अकेले नहीं हैं। आप सभी का धैर्य और साहस इस विपत्ति को हराने की ताकत देगा। हम सब मिलकर इस कठिनाई से उबरेंगे और मैं आपके साथ हमेशा खड़ी रहूंगी। प्रभावित परिवारों में नत्था निषाद, हिमांचल निषाद, पुष्पा निषाद, नन्ही निषाद, ब्रह्मदीन निषाद, सागर निषाद, सोहन निषाद, रामबिहारी निषाद, अशोक निषाद आदि परिवारों ने अन्नू टंडन जी द्वारा व्यक्तिगत रूप से दी गई मदद के लिए अपने कष्ट बताते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आग से सब कुछ तहस नहस हो गया। न खाने को अन्न बचा न पहनने को कपड़े और न छत बची लेकिन अन्नू टंडन जी ने गांव पहुंचकर जो तुरंत सहयोग दिया उससे इन कष्टों से उबरने में सहयोग मिल गया। जबकि सरकारी सहायता, जो कुछ किलो गेहूं के रूप में मिली वो नकाफी थी जिससे ग्रामीणों का रोष भी दिखा। पूर्व सांसद अन्नू टंडन जी ने अग्निकांड में घायल गुड्डी की हरसंभव इलाज में मदद की बात कही। अन्नू टंडन जी ने ग्रामीणों से उनको आवास उपलब्ध कराने के लिए जिलाधिकारी से भी बात करके आवास दिलाने में मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सपा नेता विवेक शुक्ला, राधेलाल निषाद, श्रवण यादव, विजय द्विवेदी एड, आनंद कुशवाहा, सौरभ गुप्ता, राम औतार निषाद, सुरेश निषाद, रामविलास निषाद आदि लोग उपस्थित थे।

### इंस्पायर अवार्ड में सोनू का आईडिया चयनित

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव**

उन्नाव। इंस्पायर अवार्ड सत्र 2024 - 25 के बेस्ट आईडियाज का परिणाम घोषित कर दिया गया, जिसमें जिले के 106 बच्चे चयनित किए गए सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक से 10 विद्यालयों के 18 बच्चों के आइडिया चयनित किए गए हैद्य इंस्पायर अवार्ड योजना का उद्देश्य कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों में वैज्ञानिक सोच बढ़ाने एवं विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना हैद्य विद्यालय स्तर से आइडिया को सितंबर माह में चयन के लिए प्रदेश स्तर पर भेजा गया था जिसका परिणाम घोषित कर दिया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय जूड़ा पुरवा के छात्र सोनू का आईडिया मिट्टी ढोने का यंत्र चयनित किया गया है सोनू को मॉडल प्रदर्शन हेतु अवसर प्रदान किया जाएगाद्य सोनू के आईडिया के चयन होने पर शिक्षक प्रवीण कुमार ,गिरीश कुमार पांडे ,अमित मिश्रा द्वारा बधाई देते हुए कहा छात्र सोनू से विद्यालय के छात्र प्रेरणा प्राप्त करते रहेंगेद्य इंस्पायर अवार्ड में मॉडल बनाने हेतु 10000 की धनराशि प्रदान की जाएगी बेस्ट आइडिया वाले मॉडलों का प्रदर्शन राष्ट्रपति भवन में भी किया जाएगा विद्यालय में आयोजित सुलेख प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों में आए छात्रों क्षितिज, राधिका, आयुषी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया क्षितिज द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## शराब दुकानों की ई–लॉटरी में सख्त सुरक्षा, उन्नाव में एस.पी. ने निराला प्रेक्षागृह का किया निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव**

उन्नाव। आबकारी विभाग द्वारा शराब की दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जा रहा है। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह ने गुरुवार को निराला प्रेक्षागृह का दौरा किया। उन्होंने वहां तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ई-लॉटरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है। इसमें किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को रोका जाना चाहिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस बल को संयम और सतर्कता से काम करने को कहा गया है। बता दे कि थाना कोतवाली सदर पुलिस को नियमित गश्त के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा गया है। पुलिसकर्मियों को ई-लॉटरी में भाग लेने वालों के साथ शालीनता से पेश आने के निर्देश दिए गए हैं। आबकारी विभाग इस बार शराब दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी से कर रहा है। इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहेगी और गड़बड़ी की आशंका नहीं रहेगी। निरीक्षण के दौरान अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।




## पिता की पुस्तैनी जमीन पर हो रहे कब्जे की शिकायत को लेकर जिला अधिकारी की चौखट पर पहुंची पीड़ित, लगाई न्याय की गुहार



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव**

उन्नाव। नीलम पाण्डेय पुत्री राज कुमार पाण्डेय निवासिनी ग्राम पोनी तहसील व जिला उन्नाव की है। पीड़ित प्रार्थिनी के पिता के नाम ग्राम पोनी में पुस्तैनी खेती जमीने है जिसका भूमि सं0 कमश 186, 187, 191 व 196 है उक्त जमीनों से लगी अन्य नम्बरान 184 व 185 भी है जिस पर सह खातेदार मयंक शुक्ला पुत्र पुरुषोत्तम शुक्ला निवासी कंचन नगर शुक्लागंज उन्नाव ने मेरे पिता के सहखाते की जमीन गाटा सं0 184 व 185 पर बगैर बंटवारे के जमीन पर कब्जा करने पर अमादा है, लगी जमीनों पर खड़ी फसल को कटवा कर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा मेरी सरसों व गेहू की लाखों रूपये कीमत की फसल को बरबाद कर दिया है। जबकि उक्त व्यक्ति का मेरी भूमि पर कब्जा करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। पीड़िता प्रार्थिनी के एतराज करने पर क्षेत्रीय थाना पुलिस के विशेष प्रभाव के रहते झूठे मारपीट के मुकदमें में फंसाकर परिवारजनों व बटाईदार को बन्द करा दिया था। प्रार्थिनी व उसके परिवार को बरबाद करने पर उतारू है तथा जमीन को बेचाने की धमकी देकर शेरेपुश्ती के बल पर कब्जा करके हडपना चाहते है तथा मेरे द्वारा 2 मार्च को समय करीब 2ः30 बजे जब उक्त लोगों को रोका गया तो उक्त अभियुक्तगण निरन्तर मेरा पीछा करके निगरानी करने लगे तथा किसी भी वक्त कोई अप्रिय घटना करने के फिराक में है ऐसी स्थित मेरा घर से निकलना दूभर हो गया है। पीड़िता प्रार्थिनी अपने घर में अकेली है। उक्त मयंक व उसके दबंग पेशेवर अपराधी साथी निरन्तर मुझे धमकी दे रहे है कि ÷ साली तुझे मैं घर से उठवा लूंगा तेरी कही भी नही सुनी जायेगी थाना पुलिस प्रशासन मेरे कब्जे में मैं प्रेस क्लब का अध्यक्ष हूँ नेता पुलिस सब मेरे मिलने वाले है÷ एसा बोल कर धमका रहे है। आज पीड़िता ने जिला अधिकारी कार्यालय पहुंच कर उक्त प्रकरण का संदर्भग्रहण कर मयंक शुक्ला, प्रभात शुक्ला व उसके अज्ञात 4 से 5 अपराधिक प्रवत्ति के साथियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# विकास की हैट्रिक लेकर पहुंचे सदर विधायक तो सड़को पर उतरा जनसैलाब

**➢ जगह-जगह फूलमालाओ से लादकर किया गया अतिथी अभिनन्दन**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता उन्नाव**



उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र में तीन वृहद कार्यो की स्वीकृति कराकर भूमि पूजन हेतु सदर विधायक पंकज गुप्ता शुक्लागंज पहुंचे तो कार्यकर्ताओ में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा था। मरहला चौराहे पर ही जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, सुशील रावत ने अभिनन्दन किया यहां सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता बाइको से निकले तो स्वयं विधायक भी बाइक पर सवार हो लिये नजारा बाइक जुलूस की शक्ल में बदल गया फिर धोबिन पुलिया पर अरुण रावत, अम्बिकापुरम् में पूर्व पालिकाध्यक्ष रंजना गुप्ता, गोल्डी गुप्ता यूनियन काबाईडड ने पास सभासद नन्द किशोर मिश्रा, ओपीजेडी के सामने प्रमोद पासी, विजय पासी राकेश रावत, ज्ञानू पासी हनुमान मन्दिर के सामने डीसीडीएफ उपसभापति प्रियंका शुक्ला महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अर्चना सिंह, कल्पना तिवारी, ज्योति तिवारी ने नगर पालिका के सामने पालिकाध्यक्ष कौमूदी पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, सब्जी मण्डी पर कमल वर्मा, नीलकमल सब्जी मण्डी सभासद प्रत्यय गुप्ता दुर्गा मन्दिर पर रोहित कटारिया, सुशील जायसवाल, पोनी रोड तिराहे पर गंगाप्रसाद, जयसिंह कुशवाहा, पोनी रोड पर ही विजयराज सिंह, शिवरत्न राजपूत, कंचन नगर मोड़ पर सुरेश शुक्ला, शक्ति नगर में पप्पू चौहान, रोहित गौतम, धर्मेन्द्र सोनकर ने भव्य स्वागत किया स्वागत में अभिभूत विधायक ने सभी का आभार जताया।

### तीन परियोजनाओ का किया भूमि पूजन

उन्नाव। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पोनी रोड चौड़ीकरण सुदृढ़ीकरण लागत 11 करोड़, शक्ति नगर बांध लागत 01 करोड़ 75 लाख, आनन्द घाट पर सौन्दर्यीकरण लागत 01 करोड़ 06 लाख का पूजन कर शुभारम्भ कराया। इस मौके पर अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण, शारदा नहर, पर्यटन विभाग, अधिशाषी कर्मचारी मौजूद रहे।

### गंगाघाट मेरी आत्मा है यहां पतित पावन भूमि को सदैव प्रणाम करूँगा-पंकज गुप्ता

उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र मेरी विधानसभा की हृदयस्थली है और यहां का आर्शीवाद स्नेह ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है मेरा मकसद हंगामा खड़ा करना नही मेरा मकसद है कि सेवा होनी चाहिये। उक्त विचार सदर विधायक पंकज गुप्ता ने आनन्द घाट पर आयोजित जन आर्शीवाद सभा में व्यक्त करते हुये कहा कि गंगाघाट का विकास हो यह मेरा उद्देश्य है परिवार के इस सदस्य को सदैव असीमित स्नेह आर्शीवाद यहां के लोगो ने दिया है मैं कभी इस कर्ज को नही उतार सकता हूं। उन्होने पं0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम के पुर्ननिर्माण, गंगा सेतु पहुंच मार्ग नमामि गंगे के तहत कराये गये कार्य, अत्येष्टि स्थल विकास, गौशाला निर्माण, चम्पापुरवा बराताशाला निर्माण सहित कई करोड़ की लागत से सम्पन्न कराये गये कार्यो को बताते हुये कहा कि यह सब आपके आर्शीवाद की ताकत से ही सम्भव हो सका है। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि विकास के साथ धार्मिक सांस्कृतिक विरासतो को संजोना भी हमारा नैतिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने नवीन गंगा पुल को लेकर सदन में किए गए वक्तव्य व सरकार के आश्वाशन पर प्रकाश डाला सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष आनन्द आवस्थी ने सम्बोधित करते हुये पंकज गुप्ता को विकास पुरुष बताया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष कौमुदी पाण्डेय ने शुक्लागंज क्षेत्र में कराये गये अभूतपूर्व कार्यो के लिए विधायक जी का आभार जताया। सभा को अंकुर शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष आदित्य त्रिपाठी, सूर्यकुमार बाजपेई, गणेशशंकर मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, कवियत्री प्रियंका शुक्ला ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर मंचासीन सभी वरिष्ठजनो का माल्र्यापण कर स्वयं विधायक व उनके पुत्र प्रखर गुप्ता ने आर्शीवाद लिया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुरेश शुक्ला द्वारा गदा भेंटकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में धीरज सिंह, प्रत्यय गुप्ता, महेश निषाद, योगेश मिश्रा, रोहित कठेरिया, पप्पू चौहान द्वारा विधायक जी का अभिनन्दन किया गया। जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल ने भी सम्बोधित कर आभार जताया। संचालन कवि विश्वनाथ तिवारी विश्व ने किया।

### मां गंगा की हुई भव्य आरती व भजन संध्या

उन्नाव। इस अवसर पर मां गंगा की भव्य आरती घंटा घडियाल शंखनाद के साथ सम्पन्न हुई इस मौके पर भजन गायक ऊषा शुक्ला व उनकी टीम ने अपने भजनो से सबका मन मोह लिया।

# केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार मजदूरों के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है- अजय राय

□ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का बजट महज जनता के साथ छलावा




**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए योगी सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा की योगी सरकार को गरीब और मध्यम वर्गीये से कोई लेना-देना नहीं। यही कारण है कि गांव का गरीब न तो कुंभ स्नान कर सका न आने वाला होली का त्योहार खुशी से मना सकेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत 1 करोड़, 65 लाख, 11 हजार, 8 सौ 51 जॉब कार्ड धारक हैं, जिसमें एक्टिव जॉब कार्ड धारकों की संख्या 1 करोड़, 9 लाख, 33 हजार, 3 सौ 96 हैं। लगभग एक करोड़ 10 लाख जॉब कार्ड धारकों को पिछले 9 दिसंबर 2024 से उनकी मजदूरी का भुगतान केंद्र सरकार नहीं कर रही है। आज की तारीख में मजदूरों की बकाया धनराशि 99.75 करोड़ रूपये है। जबकि अधिनियम में प्रावधान है कि मजदूर को अपनी मजदूरी करने के 15 दिन के अंदर उसके खाते में मजदूरी का भुगतान किया जाना चाहिए। अजय राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने जो हालिया बजट पेश किया वह मात्र एक छलावा और लोभ लुभावन बजट है। गत वर्ष का बजट ही सरकार ने पूरा इस्तेमाल नहीं किया और इस सत्र के बजट में अधिक बजट पास करने का ढोंग रच नही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की मंषा से जाहिर होता है कि इन मजदूरों के खिलाफ एक षड्यंत्र कर रही है। इस मजदूरी विरोधी षड्यंत्र से मनरेगा मजदूर गांव से पलायन करके उद्योगपतियों के चौखट पर बंधुवा मजदूरी करने को मजबूर होंगे। वहीं दूसरी तरफ इस योजना को लागू करने वाले 40000 संविदा कर्मी अल्प मानदेय में जीवन यापन कर रहे हैं, और वह भी उन्हें पिछले औसत 8 महीने से नहीं मिला है। इन संविदा कर्मियों को ईपीएफ का सामाजिक सुरक्षा कवच अप्रैल 2015 से ईपीएफ अधिनियम के अनुसार मिलना चाहिए, लेकिन आज तक कर्मियों के खाते में ईपीएफ का पैसा नहीं जमा हुआ। नतीजा यह है कि पिछले 8 वर्षों में 2000 से ज्यादा संविदा कर्मियों की मृत्यु हुई और उनके परिवारों को ईपीएफ का कोई लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस मनरेगा को बचाने के लिए सड़क से लेकर विधानसभा और संसद तक आवाज उठाएगी। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह मांग करती है की होली के पहले समस्त एक करोड़ 9 लाख जॉब कार्ड धारकों को उनकी बकाया मजदूरी नियमानुसार, हरजाना समेत उनके खाते में दी जाए। साथ ही 40000 संविदा कर्मी जो इस योजना को धरातल पर लागू कर रहे हैं उनका मानदेय भी होली के पहले दिया जाए। इसके अतिरिक्त जिन भ्रष्ट अधिकारियों के कारण ईपीएफ अभी तक उनके खातों में नहीं जमा हुआ उन पर कड़ी कार्यवाही की जाए। और जिन हजारों कर्मियों की इस काल के दौरान मृत्यु हुई हुई उनके परिवारों को भी इस सामाजिक सुरक्षा कवच का लाभ दिया जाए।

## आखिरकार 90 दिन बाद पकड़ में आया बाघ

➡ जोन-दो में वन विभाग ने किया ट्रैंकुलाइज ➡ 24 घंटे पहले किया था गाय का शिकार



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। आखिरकार वन विभाग की मेहनत रंग लाई। रहमानखेड़ा में 90 दिन बाद बाघ पकड़ लिया गया है। वन विभाग की टीम ने बाघ को जोन दो में ट्रेंकुलाइज किया। इसके बाद बाघ बेहोश हो गया। टीम ने बाघ को पकड़ने के लिए कई दिनों से कड़ी घेराबंदी कर रखी थी। बाघ ने अब तक 25 जानवरों का शिकार किया था। आखिरी शिकार बुधवार सुबह ही किया था। इस बार बाघ ने गेहूं के खेत में गाय को मारा है। घटना के बाद ग्रामीणों में और दहशत बढ़ गई थी। दहशत का पर्याय बने बाघ के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। बता दें कि बीते सोमवार को भी बाघ ने एक पड़वा का शिकार किया था। इस दौरान मौके पर डॉक्टर भी मौजूद थे, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर बाघ उनके सामने से ही पड़वा को उठाकर भाग गया था। वन विभाग की टीम ने पड़वा को एक जाल के नीचे बांध रखा था, ताकि बाघ को ट्रैक किया जा सके, लेकिन वह इतनी तेजी से हमला कर शिकार लेकर भागा कि डॉक्टर और टीम कुछ नहीं कर पाए थे। बाघ की हरकतों पर नजर रखने के लिए वन विभाग ने हाईटेक तकनीक का सहारा लिया था। बेंगलुरु से विशेषज्ञ को बुलाया गया था, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैमरों के जरिए बाघ के मूवमेंट को ट्रैक किया। बाघ को पकड़ने के लिए लखनऊ के डीएफओ सितान्शु पांडे ने पूरे इलाके की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए थे। उन्होंने सभी जोन का निरीक्षण करने के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से बाघ की तलाश करने के आदेश दिए थे। बाघ को ट्रैक करने के लिए हथनियों की मदद ली गयी। बाघ के बढ़ते हमलों से रहमान खेड़ा और आसपास के गांवों में लोग काफी डरे हुए थे। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से जल्द से जल्द बाघ को पकड़ने की मांग की थी। कई ग्रामीणों का कहना था कि वे अब खेतों में काम करने से भी डरने लगे हैं। वन विभाग की टीम लगातार बाघ पर नजर रखे हुए थी।

## संदिग्ध हालत में पड़ा मिला अधेड़ का शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। बंथरा इलाके में बुधवार रात एक अधेड़ संदिग्ध हालत में अचेत पड़ा मिला। उसे सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बंथरा के रसूलपुर गांव निवासी मोलहे रावत (48) मजदूरी करता था। उसकी पत्नी की कई वर्षों पहले मौत हो चुकी है और परिवार में विवाहित बेटा मनीष और बेटी रोशनी है। पुलिस के मुताबिक बुधवार रात करीब 8 बजे लखनऊ- कानपुर रेल खंड स्थित हरौनी रेलवे स्टेशन से कुछ दूर सहिजनपुर रेलवे फाटक के गेटमैन ने पुलिस को सूचना दी कि काफी नशे की हालत में घूम रहा एक व्यक्ति फाटक के पास पेड़ के नीचे अचेत पड़ा है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आसपास लोगों को बुलाकर उसकी पहचान कराई, तब उसकी पहचान रसूलपुर के मोलहे के रूप में हुई। बाद में पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला है कि वह शराब के नशे में था और अधिक शराब पीने से ही उसकी मौत हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा। उधर मृतक के बेटे मनीष और बेटी रोशनी ने रसूलपुर गांव के ही अर्पित पटेल के ऊपर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि काफी दिनों पहले उनके पिता का अर्पित पटेल से झगड़ा हुआ था। तब पिता मोलहे ने अर्पित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका मामला कोर्ट में चल रहा है। इसको लेकर अर्पित सुलह समझौते का दबाव बना रहा था। जब मोलहे ने समझौते से इनकार कर दिया तो अर्पित ने मोलहे को जान से मारने की धमकी दी थी। परिजनों के मुताबिक अर्पित की धमकी से डर कर मोलहे कुछ दिनों से अपनी बहन के घर बिजनौर स्थित नटकुर में रहता था। जहाँ से वह मंगलवार को रसूलपुर पहुंचा और बाद में वहाँ से कहीं चला गया और आज उसका शव सहिजनपुर फाटक के पास पड़ा मिला।

## योगीराज मे राजधानी लखनऊ की मस्जिदों में अब अजान के पीछे पडी पुलिस

➡ नाका पुलिस तथा अमीनाबाद पुलिस ने मस्जिदो से अजान पर जताई आपत्ती

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**



लखनऊ। ये बात सभी जानते है कि भारत एक लोकतांत्रिक धर्मनिर्पेक्ष गणराज है, जिसका संविधान सभी धर्मों/ पंथों को अपनी अपनी धार्मिक मान्यताओ को मानने की पूरी आजादी प्रदान करता है, किंतु वर्तमान समय की केन्द्र एव उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारो ने तो जैसे संविधान को ताक पर रख मनुस्मृती के अनुसार देश को चलाने की ठान रखी है, आए दिन किसी ना किसी बहाने एक वर्ग विशेष को टारगेट पर रखना सरकार की निती बन चुकी है, क्या एक वर्ग को खुश करने उनका वोट अपने पक्ष मे करने हेतु दूसरे वर्ग की अव्हेलना एव दमन संविधान के मूल सिद्धांतो के अनुरोप है । पिछले काफी समय से देश मे कौन क्या खाएगा, क्या पहनेगा, ये सब सरकार तय कर रही है, अब नया शगूफा मसाजिदो से पांच वक्त होने वाली अजान को लेकर उठाया जा रहा है, जिससे सैकडो वर्षो से लाउडस्पीकर पर होने वाली अजान पर संकट खडा हो गया है, आखिर सरकार चाहती क्या है । प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना नाका हिंडोला अंतर्गत दुगावां चौकी प्रभारी पिछले कुछ दिनो से मौलवी गंज रस्सी बटान, हाता सुलेमां क़दर क्षेत्र मे घूम घूमकर मस्जिदों की कमेटीयों से लाउड स्पीकर से अजान ना देने की नसीहत देते फिर रहे हैं । वही दूसरी ओर अमीनाबाद थाने की पुलिस ने गौतमबुद्ध मार्ग (लाटुश रोड) स्थित पीली मस्जिद मे जाकर लाउड स्पीकर पर अजान देने से मना किया । ये सही है कि ध्वनी प्रदुषण के चलते प्रशासन को कुछ विशेषाधिकार हासिल है जिसके चलते ध्वनी के मानक तय किये जा सकते है, डिसेबल निर्धारित किये जा सकते हैं, जो कोई उसका उलंघन करे उसपर कार्वाई सुनिश्चिंत करना बनता है, किंतु इस प्रकार सदियों से होती आ रही मस्जिदो से अजान बंद कराना वो भी मुसलमानों के पवित्र माह रमजान में, ये दर्शाता है कि सरकार धुर्वीकरण की राजनिती कर रही है जिसको कहीं से भी सही नही ठहराया जा सकता ।

## समाचार

### एसटीएफ अवैध शराब की तस्करी करने वालो को किया गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। एसटीएफ टीम ने थाना ठाकुरगंज क्षेत्र में फिल्मी अंदाज में शराब की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी झोले में शराब छुपाकर बसों और ट्रेनों के माध्यम से दूसरे शहरों में शराब की सप्लाई करते थे। एसटीएफ ने रात 1:00 बजे के बाद इन तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से कई दर्जन शराब की पेटियां बरामद की हैं। थाना ठाकुरगंज की रिंग रोड चौकी प्रभारी मनोज के अनुसार, यह गिरफ्तारी शराब बेचने वालों पर नकेल कसने के तहत की गई है। पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है और तस्करों के अन्य संपर्कों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। इस कार्रवाई से शराब तस्करी की इस अवैध गतिविधि को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता इरफान कुरैशी**



लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा,थाना हुसैनगंज पुलिस को वादिनी मुकदमा द्वारा प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत करवाया, प्रतिवादी द्वारा वादी मुकदमा के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से इनकार कर देना, व गाली गलौज करना जान से मारने की धमकी देने के संबंध में,बनाम आसिफ खान निवासी रोशन बी बाबूलाल एम इम्ब्राहिम बेब हाउज कुरेश नगर चूनाभट्टी जनपद कुल? ईस्ट मुंबई महाराष्ट्र, थाना प्रभारी रामकुमार गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ सूझबूझ से आरोपी को गिरफ्तार किया, इस क्रम (मध्य) क्षेत्र में, डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना हुसैनगंज प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता, के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

### श्मशान स्थल का कराया जाए सुंदरीकरण: महेन्द्र अवस्थी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ ब्यूरो**



लखनऊ। इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड में नगर निगम द्वारा श्मशान स्थल बनवाए जाने का आल इंडिया कीर्तन विचार मंच के उपाध्यक्ष महेन्द्र अवस्थी ने यहां श्मशान स्थल बनवाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि यहां आसपास के रहने वाले नागरिक काफी समय से यहां अंतिम संस्कार करते आ रहे है ऐसे में यहां इसका सुंदरीकरण का कार्य होना चाहिए।महेन्द्र ने नगर निगम द्वारा श्मशान स्थल के निर्माण और सुंदरीकरण का समर्थन करते हुए कहा है कि यहां के पुराने गांवों के लोग इसका इस्तेमाल काफी समय से करते चले आ रहे है उनके पूर्वजों की समाधियां यहां बनी हुई है।ऐसे में इसका सुंदरीकरण का कार्य किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि श्मशान स्थल का निर्माण अवश्य होना चाहिए क्योंकि यह आसपास के क्षेत्रों का पुराना स्थल है इसका सुंदरीकरण कराया जाना जरूरी है। महेन्द्र अवस्थी ने कहा है क्षेत्रवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रशासन इस स्थल को और बेहतर बनाए जिससे इसका लाभ जनता को मिल सके।

### राजधानी में ई लॉटरी से शराब एवं भांग की दुकानों का हुआ आवंटन, जिलाधिकारी रहे मौजूद

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। राजधानी में शराब की दुकानों की ई लॉटरी गुरुवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुई। लॉटरी शांति पूर्वक संपन्न हुई। शराब की विभिन्न श्रेणी व भांग की कुल 1041 दुकानों का लॉटरी से अंनतिम आवंटन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी विशाख जी खुद मौजूद थे। ई लॉटरी के जरिए देशी शराब की 543, कंपोजिट शॉप की 400, मॉडल शॉप की 56 तथा भांग की 42 फुटकर दुकानों का अंनतिम आवंटन किया गया। लॉटरी के दौरान भारी संख्या में आवेदक भी आईजीपी के जुपिटर हाल में मौजूद थे। लोगों को लाइव लॉटरी दिखाने के लिए स्क्रीन भी लगाई गई थी। अधिकारियों ने बताया कि लॉटरी में कहीं कोई दिक्कत नहीं आई।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सब्जी दुकान में घुसा, युवक घायल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बिजनौर इलाके में बुधवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक सब्जी दुकान में घुस गया। जिससे सब्जी खरीद रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि वहाँ खड़ी तीन मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं ट्रैक्टर चालक मौका पाकर फरार हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बिजनौर के कुरौनी में रहने वाला अंकित राठौर पास के गाँव कासिम खेड़ा में बंथरा - बिजनौर रोड पर सब्जी की दुकान चलाता है। बुधवार को रात करीब 9:30 बजे उसकी दुकान पर उन्नाव जिले के असोहा स्थित गोसाई खेड़ा निवासी व कासिमखेड़ा में ट्रेडर्स की दुकान संचालित करने वाला आकाश यादव (32) सब्जी की दुकान में सब्जी खरीद रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सब्जी दुकान में घुस गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से आकाश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दुकानदार अंकित तेज रफ्तार ट्रैक्टर आते देख अपनी दुकान छोड़कर दूर भाग खड़ा हुआ। इतना ही नहीं ट्रैक्टर ने आगे खड़ी तीन मोटरसाइकिलें भी रौंद दी। लेकिन बाद में मौका पाकर ट्रैक्टर चालक अपने वाहन सहित फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल आकाश को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। वहीं इस घटना से दुकान की सारी सब्जी बर्बाद हो गयी।

## भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब : अखिलेश



**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और संसाधनों की भारी कमी है। गरीबों को दवा इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीज और तीमारदार इलाज के लिए भटक रहे है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर झूठे दावे करती है। मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है। प्रदेश के कई जिलों में मेडिकल कॉलेज के नाम पर सिर्फ कुछ आधी-अधूरी बिल्डिंग बनी पड़ी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर मेडिकल कॉलेज तक चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहे हैं। सरकार के पास झूठे आश्वासन देने के सिवा कुछ नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार अस्पतालों ओर मेडिकल कॉलेजों में संसाधनों, जांच, मशीनों तथा आधुनिक उपकरणों के लिए पर्याप्त बजट नहीं दे रही। पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सरकार नाकाम हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग को जो बजट मिलता है उसका भी बंदरबांट हो रहा है। पूरे विभाग में कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार है। भाजपा सरकार का पूरा ढांचा ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार में लिप्त है। गंभीर मरीजों को जांच और इलाज के लिए लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ता था। पूरे सिस्टम से त्रस्त मरीज इलाज और जांच के लिए निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में जाने पर मजबूर है। वहां इलाज के नाम पर उनकी जेब काटी जाती है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ साल में स्वास्थ्य विभाग से लेकर पूरे तंत्र को बीमार बना दिया है। भाजपा की झूठ, लूट और बेईमानी से प्रदेश की जनता परेशान और त्रस्त है। भाजपा सरकार जनता की समस्या के समाधान करने, दवा, इलाज की व्यवस्था करने के बजाय विपक्षी दलों पर झूठे और अनर्गल आरोप लगाकर बदनाम करने का षड्यंत्र करती रहती है।

### गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा के दादूपुर रोड स्थित न्यू डेस्टिनी सिटी में रहने वाली महिला सरिता सिंह ने यहीं के शरद दुबे और उसकी पत्नी के खिलाफ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरिता सिंह का कहना है कि शरद दुबे अक्सर रात में कॉलोनी में घर के सामने सड़क पर अपने दोस्तों के संग बैठकर शराब पीते हैं और कुछ कहने पर गाली गलौज व झगड़ा पर आमादा होकर लोगों को परेशान करते हैं। साथ ही महिलाओं बच्चों को भी गालियां देते हैं। सरिता का कहना है कि 3 मार्च को रात करीब 9 बजे शरद दुबे रोज की तरह अपने अन्य साथियों के साथ शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहे थे। जब पति अनुज सिंह सहित अन्य लोगों ने विरोध किया तो उनकी पत्नी भी गाली गलौज करते हुए झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देने लगी। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अफहाम-ए-जमा सोसाइटी के प्रतिनिधि मंडल ने बबीता सिंह चौहान से की मुलाकात



**संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। अफहाम-ए-जमा सोसाइटी के प्रतिनिधि मंडल ने डॉ.बबीता सिंह चौहान,अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान,प्रतिनिधि मंडल ने डॉ. बबीता सिंह को मुबारकबाद दी और उन्हें शाल और फूलों का गुलदस्ता पेश किया।प्रतिनिधि मंडल ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष से महिलाओं की सुरक्षा और उनके उत्पीड़न के मुद्दे पर चर्चा की,साथ ही उन पुरुषों के बारे में भी बात की जो अपनी पत्नियों द्वारा पीड़ित होते हैं। इसके अलावा,सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने आयोग की अध्यक्ष को सोसाइटी द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से भी अवगत कराया,खासकर उन प्रयासों से जो पति-पत्नी के बीच सुलह-समझौते में आने वाली परेशानियों को सुलझाने के लिए किए जाते हैं।इस मुलाकात में सोसाइटी के प्रमुख सदस्य,जैसे कि सै.अली मीसम नकवी (अध्यक्ष),डॉ.आगा परवेज मसीह, रियाज बेग (एडवोकेट), शहनशाह हुसैन (एडवोकेट), धर्मेंद्र राजपूत (एडवोकेट),आदम सुल्तान (एडवोकेट),एम.अली मदहोश (एडवोकेट), यूषा आबिद (एडवोकेट),सै.सैफ नकवी (एडवोकेट),राहुल कुमार शर्मा (एडवोकेट), मो. मुबीन (एडवोकेट), योगेश कुमार मौर्या (एडवोकेट), जुलकिफी रिजवी (एडवोकेट) और सोसाइटी की महिला प्रभारी मिथलेश सिंह भी मौजूद थीं।

## नगर निगम की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रतिनिधि मंडल ने दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के लखनऊ महानगर अध्यक्ष तौक़ीर फरहत और नगर महामंत्री शाह आलम के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार सिंह से मुलाकात कर शहर की बादल व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए ते हुए गंभीर विषयों पर वार्ता की वार्ता पूर्ण रूप से सार्थक रही नगर आयुक्त महोदय ने कुछ समस्याओं का तोड़ित निस्तारण कर और समस्याओं के लिए एक हफ्ते का समय दिया। वार्ता में मुख्य रूप से शहर के जान - 6 और जोन - 3 से संबंधित उन महलों के बारे में वार्ता की गई जिन मोहल्ले में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ नालियों का निर्माण नहीं हुआ नालों की सफाई नहीं हुई पैदल की व्यवस्था नहीं की गई सीवर की व्यवस्था नहीं की गई वहां पर रहने वाली पब्लिक को मूलभूत जरूरत से आज तक वांछित रखा गया। वार्ता में कन्हैया माधोपुर द्वितीय एवं प्रथम वार्ड के फरीदीपुर और बरौरा क्षेत्र की बदहाल स्थिति एवं न्यू हैदरगंज प्रथम एवं द्वितीय,अंबरगंज आदि की बदहाल स्थिति तथा मुताक्किपुर, रायपुर, बिठौली, आदि में अभी तक नगर निगम द्वारा वहां पर निवास कर रहे लोगों को मूलभूत जरूरत से वांछित रखा गया है नगर आयोग द्वारा उक्त तमाम समस्याओं का निस्तारण एक हफ्ते के अंदर करने का आश्वासन दिया गया है। उक्त वार्ता में महानगर अध्यक्ष तौकीर फरहत, महानगर महामंत्री शाह आलम, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज सिंह यादव, महानगर सचिव रुबीना एजाज सिद्दीकी, महानगर संगठन मंत्री, महानगर प्रचार मंत्री आज मुख्य रूप से मौजूद रहे। सड़कों और जलभराव की समस्या पर गंभीर चर्चा बैठक में क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों, जलभराव, नालियों की अव्यवस्था, सीवर जाम और पेयजल संकट जैसे जमीनी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। किसान नेताओं ने बताया कि यह क्षेत्र पिछले 14 वर्षों से नगर निगम के अंतर्गत आता है, लेकिन अब तक किसी भी अधिकारी ने इसकी सुध नहीं ली। महानगर अध्यक्ष ने विधायक और पार्षद पर साधा निशाना महानगर अध्यक्ष तौक़ीर फरहत ने क्षेत्रीय विधायक और पार्षद पर निशाना साधते हुए कहा, ÷यह लोग सिर्फ सत्ता का मजा ले रहे हैं, जनता की परेशानियों से इन्हें कोई सरोकार नहीं है।÷ उन्होंने सवाल उठाया कि ÷अगर विधायक और पार्षद जनता की आवाज उठाते, तो क्या 14 साल बाद भी यह क्षेत्र विकास से वंचित रहता?÷ खराब सड़कों और जलभराव से जनता बेहाल किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को अवगत कराया कि फरीदीपुर मोड़ से मर्दापुर तक जाने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। इस सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिनमें बारिश और घरों का गंदा पानी जमा हो जाता है। इससे रोजाना लोग गिरकर घायल हो रहे हैं, वहीं गंदगी और बदबू के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। अधिकारियों ने मांगा एक हफ्ते का समय बैठक के दौरान अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार सिंह ने समस्याओं के समाधान के लिए एक हफ्ते का समय मांगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही प्राथमिक स्तर पर सुधार कार्य शुरू किए जाएंगे और बाकी समस्याओं को लेकर शासन को पत्र भेजा जाएगा। किसान यूनियन का अल्टीमेटम - नहीं सुधरे हालात तो होगा बड़ा आंदोलन भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के पदाधिकारियों ने साफ कर दिया कि अगर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता, तो नगर निगम मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। अब देखना होगा कि नगर निगम प्रशासन, अपने वादों पर कितना खरा उतरते हैं या फिर जनता को अपने हक के लिए आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा।

# संपादकीय

## पंजाब में उबाल

भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन से उपजे हालात पर आम लोग कहते रहे कि जाम किसानों की तरफसे है या सरकार की तरफसे। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण रखने वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की सख्ती के चलते अशांत नजर आता है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत कहा जाता था, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि कहां कमी रही कि कृषि क्षेत्र अशांत बना हुआ है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री मान ने किसानों की बैठक में से नाटकीय ढंग से वॉकआउट करके अपनी हताशा को ही जाहिर किया है। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री का कहना है कि पंजाब में किसान संगठनों में आंदोलन करने की होड़ मची है। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि पंजाब धरनों का राज्य बनता जा रहा है। उनका कहना है कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार जंग लड़ रही है। सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिये तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों सहित पंद्रह राजस्व अधिकारियों को निलंबित किया है। साथ ही अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन न करने वाले कई अन्य अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसके विरोध में राजस्व अधिकारियों ने तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त की। जिसके प्रत्युत्तर में राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने का विकल्प चुना। जिसके चलते प्रशासनिक काम बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालांकि, बुधवार शाम उन्होंने अपनी हड़ताल वापस ले ली है। वैसे एक हकीकत यह भी है कि भले ही सरकार सख्त रवैया अपनाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के जरिये अपनी ताकत दिखा सकती है, लेकिन प्रणालीगत भ्रष्टाचार और नौकरशाही की नाराजगी की गहरी गुत्थी अभी भी अनसुलझी है। सवाल उठाया जा रहा है कि सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है? वहीं प्रशासन का तर्क है कि लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शन से बड़े निवेशक पंजाब में निवेश करने से कतरा रहे हैं। जिससे राज्य का आर्थिक विकास बाधित हो सकता है। लेकिन सवाल यह भी कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है? जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और गहरा होता है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन की रीति-नीतियों पर भी सवाल उठाता है जो आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोता प्रतीत हो रहा है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

## हू आफ्टर औरंगजेब?

एक बड़ा वर्ग एक ओर जहां इस बात को मानकर गदगद है कि भारत में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना हो चुकी है क्योंकि लगभग एक हजार वर्षों के बाद कोई हिन्दू शासक दिल्ली के सिंहासन पर बैठा है, तो वहीं उसे यह देखकर दुख भी होता है कि देश के सियासी गलियारे में अब भी मुगलिया शासकों की उपस्थिति बनी हुई है। जिस प्रकार से इस्लामी शासकों द्वारा हिन्दुस्तान पर राज किये जाने की एक ऐतिहासिक क्रोनोलॉजी है, वैसे ही जैसे-जैसे नरेन्द्र मोदी प्रवर्तित वर्तमान हिन्दू शासनकाल आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मुस्लिम शासकों की शामत आ रही है। इस्लामोफोबिया को रंग व हवा देने के लिये बाबर से शुरु कर भारतीय राजनीति को इन दिनों औरंगजेब की याद जोरों से आ रही है। सवाल यह है कि इस कथित श्जल्लादश् और श्हिन्दू विरोधीश् के बाद किस शासक का नम्बर आयेगा क्योंकि उनके बाद से मुगलिया सल्तनत लगातार कमजोर हो चली थी जो बहादुरशाह जफर के बाद पूरी तरह खत्म हो गयी? औरंगजेब से जफर के बीच कोई भी उल्लेखनीय बादशाह तो हुआ नहीं, हुए भी तो इतने कमजोर कि उनके नाम भी किसी को मालूम नहीं। शुक्र है कि मुगलों के वारिस कोलकाता की झोपड़पट्टियों में जीवन बिता रहे हैं, वरना वे भी आज आलोचना के केन्द्र में होते- ध्रुवीकरण के उपकरण के रूप में। वैसे तो मुस्लिमों को लेकर होने वाली सियासत का दौर आजादी के पहले से ही शुरू हो गया था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि हिन्दू महासभा और मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के कारण देश विभाजित हुआ। फिर भी जब देश दो हिस्सों में बंट ही गया और जिन्ना पाकिस्तान के गर्वनर जनरल बनकर चले गये तो यहां रह गये महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू तथा कांग्रेस जिन्हें देश को बांटने का जिम्मेदार माना गया। गांधी को इसी कारण से मार डाला गया तथा नेहरू की न केवल उनके जीवन पर्यंत वरन अब तक मुसलमानों के कथित तुष्टिकरण के लिये निंदा होती है। 2014 के बाद, यानी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में नेहरू-मुसलमान सम्बन्धों की पुस्तक में नया अध्याय यह जुड़ गया कि नेहरू के पुरखे मुसलमान थे। यानी वे ऐसे परिवार के हैं जो पहले मुस्लिम था। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल द्वारा रचित एवं वाट्सएप विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के जरिये लोगों को ज्ञात हुआ कि उनका वंश किसी गियासुद्दीन गाजी से सम्बद्ध है। जिस देश में ज्यादातर हिन्दुओं की कई पुश्तों का विवरण प्रयागराज और हरिद्वार में उन घाटों के पंडितों के सैकड़ों वर्षों से लिखे जा रहे बही-खातों में दर्ज हैं जहां पितरों का अस्थि विसर्जन होता है, उसी देश के लोगों ने नेहरू के मुस्लिम कनेक्शन को सच मान लिया। इंदिरा गांधी के पारसी पति फिरोजशाह को भी मुस्लिम साबित करने में कोई दिक्कत नहीं आई। चूंकि राहुल व प्रियंका की मां सोनिया ईसाई परिवार से आती हैं तो इस तड़के में एक और जायका मिलाकर विमर्श आगे बढ़ा जिसके कई आयाम खुलते हैं। 1991 में देश की राजनीति में बाबर का प्रवेश गाजे-बाजे के साथ भाजपा द्वारा किया गया- अयोध्या के रामजन्मभूमि मंदिर को मुद्दा बनाकर। देश में मुगल सल्तनत की नींव रखने वाले बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा इसे तुड़वाकर (1528-29) बाबरी मस्जिद बनवाई गयी थी। इसे लेकर भाजपा का रामजन्मभूमि आंदोलन हुआ। लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से लेकर निकली रथयात्रा ने देश की राजनीति का विमर्श कुछ यूं बदला कि पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 3 बार (क्रमशः 13 दिन, 13 माह व पूर्णकालिक) सरकारें बनीं। इस दौरान किसी को बाबर याद नहीं आया। कभी-कभार उसका उल्लेख इन शब्दों में ही होता था कि श्काबुल में उसके मकबरे पर कोई नहीं जाता पर भारत में उसकी पूछ-परख बनी हुई है।श् इस तंज के निशाने पर कांग्रेस होती थी।

# बिहार में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी भाजपा– एनडीए गठबंधन का फॉर्मूला तय हो गया

“बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दिलचस्प दौर जारी है। नीतीश कुमार जहां एक बार फिर अपने पुराने रूप में आते हुए लालू यादव और राबड़ी देवी पर तीखा हमला बोल रहे हैं। नीतीश तेजस्वी यादव पर निशाना साधने के साथ ही बिहार के मतदाताओं को 2005 से पहले के बिहार की भी लगातर याद दिला रहे हैं।”

संतोष पाठक

लेकिन नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की लड़ाई के बीच प्रशांत किशोर के एक बयान ने बिहार की राजनीति को पूरी तरह से गरमा दिया है। जन सुराज पार्टी के बैनर तले बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे प्रशांत किशोर ने यह बयान देकर सनसनी पैदा कर दी है कि नीतीश कुमार बीजेपी के साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे लेकिन नतीजों के बाद वे फिर से पाला बदल सकते हैं। प्रशांत किशोर ने इसके साथ ही अपने कई पुराने बयानों को दोहराते हुए नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर भी कई तरह के गंभीर सवाल उठाए। भाजपा के रणनीतिकारों को भी नीतीश कुमार की राजनीतिक शैली का बखूबी अंदाजा है। इसलिए पार्टी के रणनीतिकारों ने पहले ही इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति बना ली है। बताया जा रहा है कि भाजपा इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन में जेडीयू और भाजपा के बीच 122–121 के






फॉर्मूले पर सीटों का बंटवारा हुआ था। जेडीयू को मिले 122 सीटों में से 115 पर नीतीश कुमार ने अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 7 सीटें जीतन राम मांझी की पार्टी को दिया था। वहीं भाजपा ने अपने कोटे की 121 सीटों में से 110 पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 11 सीटें मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को दे दी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में 110 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 74 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। जबकि भाजपा से ज्यादा यानी 115 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी सिर्फ 43 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई थी। इस बार भाजपा ने बिहार में जेडीयू से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार कर ली है। इस रणनीति के तहत भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव के 122–121 के फॉर्मूले को दरकिनार करते हुए 139–104 का नया फॉर्मूला तैयार कर लिया है। इस फॉर्मूले के हिसाब से 2020 के विधानसभा चुनाव में 115 सीटों पर लड़ने वाले नीतीश कुमार की पार्टी को इस बार सिर्फ 104 सीटों पर ही संतुष्ट होना पड़ेगा। भाजपा इस फॉर्मूले के तहत 139 सीटें अपने कोटे में रखने की तैयारी कर रही है। भाजपा के आला नेताओं ने नीतीश कुमार को इस फॉर्मूले के बारे में बताते हुए यह भी साफ कर दिया है कि पार्टी अपने कोटे में से ही गठबंधन में शामिल अन्य दलों को सीटें देंगी। बताया जा रहा है कि 139 सीटों के अपने कोटे में से भाजपा 20 सीट चिराग पासवान की पार्टी को देगी और 7–7 सीट जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को देगी। बाकी बची 105 सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। इस हिसाब से भाजपा नीतीश कुमार की पार्टी से एक सीट ज्यादा पर चुनाव लड़कर बिहार एनडीए गठबंधन की राजनीति में न केवल बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी बल्कि इसके साथ ही चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के उम्मीदवारों के चयन में भी अपना दखल बनाए रखेगी। भाजपा की यह पूरी कोशिश होगी कि 139 के अपने कोटे वाली सीटों पर ही शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत के लिए जरूरी 122 सीटें हासिल कर ली जाए। अगर पार्टी अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो फिर नीतीश कुमार की मोलभाव करने की राजनीतिक क्षमता खत्म हो जाएगी। भाजपा बड़े आराम से चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मदद से बिहार में अपना मुख्यमंत्री बना लेगी। बिहार की राजनीति के बारे में एक बात तो शीशे की तरह साफ है कि नीतीश कुमार से लेकर लालू यादव और तेजस्वी तक, चिराग पासवान से लेकर भाजपा तक, सब एक दूसरे की मंशा से वाकिफ है। सब बेहतर मौके का इंतजार कर रहे हैं और बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे ही यह बताएंगे कि चुनाव के बाद कौन किसके साथ रहेगा और राज्य में किसकी सरकार बनेगी ?

# राजेंद्र शर्मा के दो व्यंग्य : गोडसे को आने दो!

लखनऊ ब्यूरो

हम तो पहले ही कह रहे थे - गोडसे को आने दो। गांधी को जाने दो। आखिर, राष्ट्रपिता के नाम पर गांधी को कब तक ढोते रहेंगे। गांधी के चक्कर में देश गोडसे की महत्ता पहचान ही नहीं पा रहा है। इसी दोष को दूर करने के लिए तो मोदी जी शुरू से ही उपेक्षित, भुला दिए गए स्वतंत्रता सेनानियों को खोज-खोजकर, उनके नाम याद कराने में लगे रहे हैं। नेहरू टाइप जो याद रखे गए थे, उन्हें भुलाने में भले ही अपनी सारी कोशिशों के बाद भी उन्हें ज्यादा कामयाबी नहीं मिली हो, पर बहुतों के भूले हुए नाम तो उन्होंने याद दिला ही दिए हैं। पर गांधी जी रास्ते में आ ही जाते हैं। अब शैजा अंदावन जी का ही किस्सा ले लीजिए। कालीकट में एनआईटी की प्रोफेसर के पद से प्रमोशन पाकर बेचारी डीन क्या बन गयीं, गांधी-गांधी करने वालों ने हंगामा ही खड़ा कर दिया है। कह रहे हैं कि मोदी जी की सरकार ने उन्हें गांधी-विरोधी होने का इनाम दिया है। वो कैसे? शैजा ने पिछले साल, गांधी के शहादत के दिन पर, ''भारत को बचाने के लिए गोडसे पर गर्व'' का इजहार किया था! सेकुलर वालों ने तब भी इस पर बहुत शोर मचाया था। छात्र, राज्य की सरकार, विपक्षी, सब उनके खिलाफ एक हो गए थे। बेचारी शैजा को जेल जाने से बचने के लिए जमानत तक लेनी पड़ी थी। अब फिर से वही सब हो रहा है। इस बार जमानत न सही, पर बेचारी के प्रमोशन के लाले तो पड़ ही सकते हैं। चले थे चौबे, छब्बे बनने, कहीं दुबे ही बनने की नौबत नहीं आ जाए। बेशक, शैजा जी के साथ बहुत भारी अन्याय हो रहा है। उनसे भी भारी अन्याय हो रहा है मोदी जी की सरकार के साथ। इतनी बड़ी सरकार, एक सौ चालीस करोड़ के देश की



चुनी हुई सरकार, दुनिया की सबसे लोकप्रिय सरकार, विश्व गुरु मानी जाने वाली सरकार, क्या एक प्रोफेसर को जरा सा प्रमोशन देकर, वरिष्ठों को टपकवा कर, डीन भी नहीं बना सकती है। माना कि शैजा जी का इंस्टीट्यूट कालीकट में है और कालीकट, केरल में, जहां सिंगल इंजन की सरकार ही चलती है। पर इंस्टीट्यूट तो मोदी जी की सरकार का है और मोदी जी की सरकार अपने इंस्टीट्यूट की प्रोफेसर को क्या किसी भूले हुए 'स्वतंत्रता सेनानी' की याद दिलाने के लिए एक प्रमोशन भी नहीं दे सकती है? विरोधियों का यह इल्जाम सरासर गलत है कि मोदी जी की सरकार ने शैजा जी को, उनके गांधी-विरोध के लिए इनाम दिया है। शैजा जी ने जो किया था, उसमें गांधी विरोध तो दूर-दूर तक नहीं है। गांधी का विरोध तो छोड़ो, उन्होंने गांधी का तो नाम तक नहीं लिया है। उन्होंने तो सिर्फ और सिर्फ गोडसे का नाम लिया है और गोडसे पर गर्व प्रकट किया है। गर्व जैसी सकारात्मकता में, विरोध की नकारात्मकता खोजने वालों की बुद्धि पर तरस ही खाया जा सकता है। क्या हम उनकी सकारात्मकता के प्रति सिर्फ इसलिए नकारात्मक हो जाएंगे कि उनकी सकारात्मकता गोडसे के प्रति है, जिन्होंने गांधी का वध किया था, जिसे भ्रमवश बहुत से लोग अब भी हत्या ही कहते हैं।फिर शैजा जी तो पहले ही बता चुकी हैं कि हत्या नहीं, वध भी हो, तब भी वह इसे अच्छा नहीं मानती हैं। वह वध का भी समर्थन नहीं करती हैं। पर हां! आखिरकार प्रोफेसर हैं, उन्होंने भी नाथूराम गोडसे की एक किताब पढ़ी है। किताब में उन्होंने अच्छी तरह से समझाया है कि उन्होंने गांधी का वध क्यों किया? उनके अपने तर्क हैं। उनके अपने विचार हैं, जो प्रभावशाली हैं। वह भी राष्ट्रवादी हैं, उनका अपना राष्ट्रवाद है। पढ़-समझकर ही उनके मन में गोडसे के लिए गर्व पैदा हुआ है। गर्व एक सात्विक भाव है। ऐसा सात्विक भाव पैदा होने के लिए भी उन्हें गर्व है। और उनका यह गर्व शुद्ध राष्ट्रवादी है। आखिर, राष्ट्र को बचाने पर गर्व से ज्यादा राष्ट्रवादी गर्व क्या होगा? गोडसे के भारत को बचाने पर गर्व से ज्यादा राष्ट्रवादी गर्व क्या होगा? मुद्दा यह नहीं है कि गोडसे ने भारत को किस से बचाया? मुद्दा यह भी नहीं है कि गोडसे ने भारत को कैसे बचाया? मुद्दा यह है कि गोडसे ने भारत को बचाया और अपने प्राणों की आहुति देकर बचाया। अब हमारे मन में क्या इतनी संकीर्णता आ गयी है कि हम राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले देशप्रेमी पर, गर्व करने को पुरस्कृत भी नहीं कर सकते? और वह भी सिर्फ इसलिए कि प्राणों की आहुति देने वाले ने, किसी के प्राणों की आहुति ली भी थी। प्राणों की आहुति लेना-देना बराबर, फिर कब तक हम गोडसे की पिस्तौल से निकली गोलियों का ही रोना रोते रहेंगे और भारत को बचाने के उनके पुण्य को नहीं देखेंगे। अब प्लीज मोदी जी को कोई प्रज्ञा ठाकुर के मामले की याद दिलाने की कोशिश नहीं करे। प्रज्ञा ठाकुर ने जब गांधी की तरह गोडसे को भी देशभक्त कहा था, तो मोदी जी ने पछतावे से कहा था कि वह उन्हें दिल से कभी माफ नहीं कर सकेंगे। और मोदी जी उन्हें दिल से माफ नहीं ही कर पाए। अपनी पार्टी का संसद बनाया, पांच साल संसद में अपने साथ बैठाया, बाकी सब किया, बस दिल से माफ नहीं किया। पांच साल बाद चुनाव में प्रज्ञा ठाकुर का टिकट काट दिया। पर शैजा जी का मामला डिफरेंट है। उन्हें मोदी जी न एमपी का टिकट दे रहे हैं और न एमपी बनाकर संसद में अपने साथ बैठा रहे हैं। उन्हें तो सुदूर दक्षिण में कालीकट में प्रोफेसर से तरक्की देकर, फकत डीन बना रहे हैं। और वह भी तब, जब उन्होंने एक सिंगल इंजन सरकार के इलाके में, गोडसे पर गर्व का झंडा उठाया है। वैसे होने को तो हो सकता है कि मोदी जी शैजा जी को भी दिल से कभी माफ नहीं कर पाएं। हो सकता है पांच साल बाद, वाइस चांसलर वगैरह बनाने के मौके पर उन्हें भूल ही जाएं। 2. कुंभ और उलटबांसियां योगी जी ने अब तो यह साबित भी कर दिया कि वह बाकायदा योगी हैं। आखिर, योगी के सिवा उलटबांसी ऐसे साध भी कौन सकता है! माना कि कबीरदास भी उलटबांसियां खूब साधते थे। योगी नहीं थे, भगवा धारण नहीं किया था, कान नहीं फड़वाये थे, गृहस्थी का भी पालन करते थे, फिर भी उलटबांसियां कमाल की करते थे। फिर भी उनकी भी उलटबांसियों में वह बात नहीं है, जो योगी जी की उलटबांसियों में होती है। कबीर, कबीरदास ही रह गए, योगी नहीं ना हो पाए। उल्टे उलटबांसियों से भटक भी गए और लगे हिंदू-मुसलमानों की बराबरी का सीधा संदेश देने में। असली उलटबांसी तो अपने योगी जी करते हैं। एक दिन विधानसभा में लिखे हुए भाषण को पढ़ कर बोले कि कुंभ में जिसने जो खोजा, वह उसे मिला। गिद्धों को लाशें दीखीं, सुअरों को गंदगी दीखी, आदि। और उसके अगले ही दिन, कुंभ के समापन के बाद, खुद कुंभ के बाद छूटी गंदगी की सफाई के लिए तसला-पोंचा लेकर पहुंच गए। तो क्या योगी जी को भी कुंभ में गंदगी दिखाई दी, जो उसे साफ करते हुए फोटो खिंचा आए? तो अपने ही कहे के मुताबिक क्या योगी जी खुद भी गंदगी खोजने वाले जीव हुए? पर यही तो योगी जी की उलटबांसी है! उलटबांसी सिर्फ खुद योगी जी के सफाई के औजार संभालने में ही नहीं थी। और बड़ी उलटबांसी, कुंभ के समापन के मौके पर सांकेतिक रूप से ही सही, स्वास्थ्यकर्मियों और सफाईकर्मियों के सम्मान समारोह का आयोजन किए जाने में भी थी। आखिर, स्वास्थ्यकर्मी माने शरीरों की अस्वस्थता से लेकर लाशें तक देखने वाले। और सफाईकर्मी कौन? गंदगी देखने और उससे दो-दो हाथ करने वाले। पर क्या योगी जी के ही हिसाब से ये गिद्ध और सुअर ही नहीं हुए? गिद्धों और सुअरों को फटकार भी और गिद्ध और सुअरों का सम्मान भी! यही तो योगी जी की असली उलटबांसी है। पर योगी जी की इस उलटबांसी की भी पूंछ में पेच है। असल में प्रयागराज में ही हुए पिछले कुंभ में मोदी जी ने कैमरों को दिखा-दिखाकर पांच-छः सफाईकर्मियों के पांव धोए थे। इस बार के कुंभ में योगी जी के सामने यह नजीर थी। पर योगी जी ने आंख मूंदकर मोदी जी का भी अनुकरण करने से मना कर दिया। सफाईकर्मियों का सम्मान तो किया, पर उनके पांव नहीं धोए। योगी से भी ऊंचा कोई होता है भला? फिर योगी जी किसी के पांव कैसे धो सकते थे? योगी जी ने इस कुंभ में उलटबांसियां और भी बहुत सी रचीं। एक सौ चवालीस साल के बाद आने वाले कुंभ का मामला जो ठहरा। यह दूसरी बात है कि बारह साल पहले वाला पूर्ण कुंभ भी, एक सौ चवालीस साल बाद ही आया संयोग था। और उससे पहले आया पूर्ण कुंभ भी और उससे और पहले वाला पूर्ण कुंभ भी। ऐसा लगता है कि पूर्ण कुंभ आता बारह साल पर है, पर अब हर बार यह संयोग एक सौ चवालीस साल का ही होता है। जी हां, यह भी उलटबांसी है। वैसे इस कुंभ में 67 करोड़ 30 लाख लोगों की डुबकियों की ठीक-ठीक गिनती भी, अपने आप में एक उलटबांसी ही है। भगदड़ में मरने वालों की पूरी गिनती कुंभ के समापन के बाद भी नहीं हो पायी है। बड़ी वाली भगदड़ के 19 घंटे बाद तीस की जो गिनती बोली, तो जुबान उसी पर अटकी रह गयी। पर डुबकियों की गिनती हाथ के हाथ जुबान पर आती रही और वह भी रोज के रोज करोड़ों में। पर एक उलटबांसी तो योगी जी की हमारी भी समझ में नहीं आयी। योगी जी बोले कि जो दुर्भावना के साथ कुंभ में गए थे, उनकी दुर्गति तो होनी ही थी? तो क्या भगदड़ में मरने वालों, से लेकर डुबकी के लिए कई-कई दिन और बीसियों मील पैदल भटकने वालों तक को, दुर्भावना से कुंभ में आने की सजा मिली थी? फिर दुर्भावना की सजा पाने वालों से मोदी जी ने रस्मी ही सही, माफी क्यों मांगी?

# अंधविश्वासी विचारों का प्रचार करने वालों की साजिशों का पर्दाफाश होना चाहिए

डॉ. अरुण मित्रा

प्रयागराज में कुंभ स्थल पर गंगा नदी के पानी में उच्च स्तर के प्रदूषण की केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के बाद अब बिहार आर्थिक सर्वेक्षण ने एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें कहा गया है कि बिहार में अधिकांश स्थानों पर गंगा नदी का पानी स्नान के लिए भी उपयुक्त नहीं है, क्योंकि इसमें जीवाणुओं की मात्रा बहुत अधिक है। यह अध्ययन बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किया गया है, जो नियमित रूप से गंगा नदी में प्रदूषण के स्तर की निगरानी करता है। प्रयागराज में बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने का संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पहले चेतावनी दी थी कि कुंभ स्थल प्रयागराज का पानी अत्यधिक प्रदूषित है। उन्होंने बताया कि प्रदूषण की मात्रा अनुमेय सीमा से कहीं अधिक है और प्रदूषकों में मल का उच्च स्तर शामिल है। 16 फरवरी, 2025 को एनजीटी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को उसकी खराब कार्रवाई के लिए फटकार लगायी, जिसके कारण 50 करोड़ लोगों ने न केवल अत्यधिक प्रदूषित पानी में स्नान किया, जो कई बीमारियों का कारण बन सकता है, बल्कि इससे भी बदतर यह कि लोगों को वह पानी पीना भी पड़ा। एनजीटी ने यह भी आशंका जतायी कि शायद यूपीपीसीबी किसी तरह के दबाव में है। कोई अश्चर्य नहीं कि एनजीटी की टिप्पणियों के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज का पानी पीने योग्य है। यह तब है जब केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने पाया कि 12 जनवरी और उसके बाद 23 जनवरी, 2025 को निरीक्षण के दौरान कई निगरानी स्थलों पर पानी की गुणवत्ता घटिया पायी गयी। सीपीसीबी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कई स्थानों पर बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर सामान्य मानक तीन मिलीग्राम (एमजी) प्रति लीटर से अधिक पाया गया। उच्च बीओडी प्रदूषण के उच्च स्तर को इंगित करता है, क्योंकि सूक्ष्मजीवों को पानी में कार्बनिक अपशिष्ट को विघटित करने के लिए अधिक ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। फेकलकोलीफॉर्म बैक्टीरिया का स्तर बहुत अधिक था, जो मुख्य रूप से मानव और पशु मलमूत्र से आते हैं। इन बैक्टीरिया की मौजूदगी से पता चलता है कि पानी सीवेज से दूषित है, जिससे टाइफाइड, डायरिया और हैजा जैसी जलजनित बीमारियों के फैलने की संभावना है। यह देखा गया कि कई स्थानों पर नालों से अनुपचारित अपशिष्ट जल सीधे गंगा में बह रहा था। जबकि कुछ नालों को टैप करके उपचारित किया जा रहा था, लेकिन उपचार प्रक्रिया या तो आंशिक या अप्रभावी थी।

एनजीटी की रिपोर्ट लोगों को उस प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने से पहले सावधानी बरतने की चेतावनी थी। यह एक विरोधाभास है कि वैज्ञानिक चेतावनी के बावजूद लोग अत्यधिक प्रदूषित पानी में नहाने और पीने के लिए उमड़ पड़े। लेकिन इस विश्वास के बिना कि कुंभ के दौरान डुबकी लगाने से उन्हें देवताओं का आशीर्वाद मिलेगा, इनमें से अधिकांश लोग ऐसे प्रदूषित जल स्रोतों के पास भी नहीं खड़े होंगे। ऐसी आस्था और विश्वास जो पहले एक व्यक्तिगत मामला हुआ करता था, अब राज्य द्वारा कायम रखा जा रहा है। ऐसे आयोजनों का प्रबंधन आज तक धार्मिक संस्थाओं द्वारा किया जाता रहा है, जबकि राज्य केवल सहायक सेवाएं ही प्रदान करता रहा है। लेकिन पिछले एक दशक में राज्य न केवल इन आयोजनों को बढ़ावा देने में शामिल रहा है, बल्कि उन्हें मजबूत करने के लिए कथा–कथन भी गढ़ रहा है। इतना अधिक कि कई बार संवैधानिक संस्थाओं के लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। 12 अप्रैल 2017 को टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित एक समाचार में चार सदस्यीय समिति ने सिफारिश की थी कि तथाकथित धर्मगुरु श्री श्री रविशंकर के आर्ट ऑफ लिविंग (एओएल) फाउंडेशन को यमुना नदी तट को हुए व्यापक और गंभीर नुकसान के लिए मरम्मत लागत के रूप में 100–120 करोड़ रुपये का भुगतान करना चाहिए। यह क्षति 2016 में दिल्ली में यमुना के तट पर एओएल द्वारा आयोजित सामूहिक उत्सव के कारण हुई थी। लेकिन एओएल ने इस आदेश का पालन नहीं किया, क्योंकि उन्हें केंद्र सरकार का संरक्षण प्राप्त था। सत्ता में बैठी सरकार द्वारा बार–बार अवैज्ञानिक कथा–कथन गढ़कर लोगों को मिथकों में उलझाए रखने का एक सूक्ष्म प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए, गोमूत्र को कैंसर सहित विभिन्न बीमारियों के इलाज के रूप में प्रचारित किया जाता है। भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने कहा था कि गाय के मूत्र से उनका स्तन कैंसर ठीक हो गया। गाय के गोबर और पंचगव्य को कई बीमारियों के लिए पसंदीदा उपचार माना जाता है। साथ ही, गाय के गोबर में परमाणु विकिरणों से बचाने की शक्ति भी होती है, उन्होंने कहा था। उत्तराखंड के सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने जुलाई 2019 में कहा था कि गाय एकमात्र ऐसा जानवर है जो ऑक्सीजन सांस लेता और छोड़ता है और इस हवा को सांस के साथ लेने से लोगों की सांस की समस्या ठीक हो सकती है क्योंकि गाय श्प्राण वायु देती है। राजस्थान उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने कहा था कि मोरनी मोर के आंसू चाटने पर संतानों को जन्म देती है। जालंधर में आयोजित भारतीय विज्ञान कांग्रेस में आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. नागेश्वर राव ने कहा था कि–100 कौरव इसलिए पैदा हुए क्योंकि हमारे पास इतना उन्नत विज्ञान था कि हम प्राचीन भारत में प्रत्यारोपण के लिए स्टेम सेल का इस्तेमाल करते थे। आरोग्य भारती रति क्रीड़ा के दौरान विशिष्ट श्लोकों का जाप करके अनुकूलित शिशुओं के जन्म को बढ़ावा दे रही है। वास्तव में इस तरह की अवैज्ञानिक कथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद गढ़ी गयी थी।

# जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न



**संवाददाता**

फतेहपुर। जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल से संबंधित आवेदनों का निस्तारण ससमय कराने के निर्देश दिए एवं कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर न होने पाए का विशेष ध्यान रखे संबंधित अधिकारी। वित्त पोषण योजना(प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, सीएम युवा विकास योजना)के तहत उद्योग स्थापना के लिए जो ऋण बैंक से स्वीकृत हो गए है का जल्द से जल्द वितरण कराना सुनिश्चित करे, साथ ही जो आवेदन लंबित है, उनका ससमय निस्तारण कराए। उन्होंने कहा कि एच0वी0दू2 एवं विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से आपूर्ति हेतु बिन्दकी टाउन से निर्मित 11 केवी दक्षिणी फीडर का लोड बांटने हेतु नए 11 केवी फीडर का निर्माण मुगल रोड पर बिन्दकी टाउन पावर हाउस से सम्राट मोड तक किया जाना है, के लिए जो पोल लगाने एवं नाले का निर्माण कार्य शेष है , को जल्द से जल्द मानक के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश संबंधितों को दिए। कैंची मोड से कानपुर को बनी सर्विस लेन को यूपी सीड़ा के लिए बनी सर्विस लेन में जोड़ने के संबंधी में एवं औद्योगिक स्थान चौडगरा में वाहनों आवागमन की सुगमता के लिए औग़ और चौडगरा के बीच में कोई ओवर ब्रिज नहीं है, जिसे बनाने की मांग उद्यमियों द्वारा की गई है जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी बिन्दकी को निर्देश दिए कि स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट से अवगत कराये। उन्होंने अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में विद्युत संबंधी समस्या को हल करने के लिए उद्यमियों के बैठक कर समस्याओं का निदान करे। जनपद फतेहपुर के लिए 144 एमओयू प्राप्त हुए है जिसमें 70 एमओयू जीबीसी के लिए तैयार हो गए है के लिए आवश्यकतानुसार जो सहायता की जरूरत हो वह नियमानुसार की जाय। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की जो समस्याएं है उनका नियमानुसार कार्यवाही कर अपनी सकारात्मक भूमिका निभाते हुए समस्याओं का निदान करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी ( वित्त/राजस्व), अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उपजिलाधिकारी बिन्दकी, खागा, उपायुक्त उद्योग, एलडीएम, वनाधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत, उद्यमियों सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित फार्च्यूनर डिवाइडर से टकराई तीन लोग घायल



**संवाददाता**

कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल ओवरब्रिज कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार एक फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर हाइवे पर पलट गई। हादसे में तीन लोगों को चोटें आई है। घटना के बाद सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए, और कार में बैठे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के कालका जी निवासी शाहरुख पुत्र जियाउद्दीन वर्षीय ने बताया कि वह दुर्गापुर पश्चिम बंगाल के मीजिया थर्मल पॉवर में काम करते है। गुरुवार को वह अपने साथी कलीम पुत्र तौहीद व तौसीफअहमद पुत्र अब्दुल रब फॉर्च्यूनर कार गुरुवार की सुबह दिल्ली से दुर्गापुर पश्चिम बंगाल जा रहे थे। तभी महाराजपुर क्षेत्र के सरसौल ओवर ब्रिज के पास फॉर्च्यूनर कार का दाहिना टायर फट गया, जिससे फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया, हादसे में कलीम व शाहरुख को गंभीर चोटें आई है वहीं तौफीक को मामूली चोटें आई है। हादसा इतना भंयकर था कि कार बुरी क्षतिग्रस्त हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को हाइवे से हटवाया और यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया।वही घटना के बाद पुलिस व राहगीरों ने एनएचएआई की टीम को फोन द्वारा सूचना दी। लगभग एक घण्टे बाद एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल हाइवे पर रेंग रेंग कर वाहन निकल रहे है।

# विपणन विकास सहायता कार्यक्रम के तहत महिलाओं व पुरुषों को किया गया जागरूक

**संवाददाता**

फतेहपुर। महिलाओं एवं पुरुषों को आत्म निर्भर बनाने के लिए विपणन विकास सहायता कार्यक्रम के तहत किया गया जागरूक।यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ प्रबंधक जिला ग्रामोद्योग अधिकारी फतेहपुर ने बताया कि उ0 प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एम0डी0ए0पी0) के अन्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम विकास खण्ड ऐरायां तहसील खागा जनपद, फतेहपुर में आयोजन किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुज प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख ऐरायां खागा द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आगन्तुकों का अजय कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबन्धक/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी फतेहपुर द्वारा अभिवादन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न विकास खण्डों से आये स्वरोजगार में रूचि रखने वाले पुरुष/महिलाओं को विभाग से संचालित योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री माटीकला रोज़गार योजना की जानकारी दी गयी. साथ ही अनुज प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख ऐरायां खागा द्वारा बताया गया कि उ0 प्र0 सरकार खादी ग्रामोद्योग के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं/पुरुषों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दोना पत्तल मशीन, पापकार्न मेकिंग मशीन एवं मधुमक्खी पालन जैसे घरेलु उद्योग में निःशुल्क प्रशिक्षण देकर निःशुल्क मशीन / उपकरण उपलब्ध कराया जाता है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली माताएं एवं बहनें भी अपने आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर हो सके, कार्यक्रम में उपस्थित अशोक कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी वि0 ख0 ऐरायां फतेहपुर द्वारा ब्लाक से संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गयी साथ ही प्रतीक शर्मा, निदेशक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान फतेहपुर द्वारा विभिन्न उद्योगो में रूचि रखने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्राप्त कर ऋण लेने हेतु जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के मो0 खालिद, विश्राम एवं कृष्ण दत्त पाल भी उपस्थित रहे।

## बाइक सवार फैक्ट्री मजदूर को ट्रक ने रौंदा, अस्पताल में हुई मौत

**संवाददाता**

फतेहपुर। जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौडगरा-भोगनीपुर मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। बकेवर कस्बा निवासी रामनरेश (35)पुत्र सुंदरलाल को शाहजहांपुर मझिलेगाँव के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। रामनरेश चौडगरा स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। गुरुवार दोपहर को काम से घर लौटते समय उनकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। वह ट्रक के टायर के नीचे आ गए। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत एंबुलेंस से हैलट अस्पताल कानपुर ले जाया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

# राष्ट्रकवि पंडित सोहन लाल द्विवेदी जयंती पर बही काव्य रसधारा

➲ आजादी के संग्राम में, सर पर कफन बांधकर निकला वह सेनानी

**संवाददाता**

फतेहपुर। राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जयंती के मौके पर आयोजित विशाल कवि सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के कोने-कोने से आए कवियों ने वीर रस देश प्रेम से ओत प्रोत कविताएं पढ़ कर देश को आजाद कराने वाले वीरों की गाथा सुनाई। कुछ कवियों ने हास्य की रचनाएं सुन कर लोगो को खूब गुदगुदाया और तालियां बटोरी। नगर के रामलीला मैदान के समीप राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी पुस्तकालय वाचनालय परिसर में राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जयंती के मौके पर एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन बुधवार की रात को हुआ जिसने प्रदेश के विभिन्न कोने-कोने से आए कवियों ने अपनी रचनाएं पढ़ी मैनपुरी से आए वीर रस के कवि मनोज चौहान ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की वीर गाथा सुने की श्री सीताराम के घर जन्मी एक चिंगारी थी, वह चिंगारी जब आग बनी आजादी के संग्राम में, सर पर कफन बांधकर निकला वह सेनानी, अल्प आयु में उसका रोम रोम हुआ बलिदानी। कवि सम्मेलन में उन्नाव जनपद से आए हास्य कवि अनुभव अज्ञानी ने अपनी हास्य की कविताएं सुना कर लोगो को खूब गुदगुदाया और जमकर तालियां बटोरी कवि सम्मेलन में आगरा से आई श्रृंगार रस की कवित्री रुचि चतुर्वेदी, रामनगर से आए हास्य कवि विकास बाकल लखनऊ से आए वीर रस के कवि प्रख्यात मिश्रा बाराबंकी के गीतकार श्रीमती शशि श्रेया कानपुर के कवि विवेक कुमार मिश्रा सीतापुर के हास्य कवि शेखर त्रिपाठी लखनऊ से आए हास्य कवि ललित दीपक ने भी अपनी कविताएं सुन कर खूब तालियां बटोरी कार्यक्रम की संयोजक आकांक्षा द्विवेदी तथा संचालक कमल आग्नेय लखनऊ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी बिंदकी प्रभाकर त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन करके किया। इस मौके पर तहसीलदार अचलेश कुमार सिंह, लोकनाथ पांडेय, अरुण द्विवेदी ,मुकेश कुमार द्विवेदी, बलराम सिंह चौहान ,पूरन सिंह, रामेश्वर दयाल दयालू, अतुल द्विवेदी ,संगीता तिवारी ,सोमवती निषाद ,रचना हुसैन, स्वामी ओमर आदि रहे।

## एक दशक से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**संवाददाता**

हमीरपुर। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में वर्ष 2015 में चोरी के प्रयास के एक मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 में नरायनपुर में चोरी के प्रयास का एक मुकदमा धारा 379, 511 आईपीसी में भिक्षा उर्फ भिखारी पुत्र रामखिलावन निवासी ग्राम रूरापारा मकरंदपुर थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गुरुचरण सरोज, आरक्षी संगीत सिंह शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे, जांच व पुष्टि 31 मार्च तक

**संवाददाता**

फतेहपुर। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, फतेहपुर श्री शेषमणि सिंह ने बताया कि इस समय प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 का कार्य जनपद की सभी 816 ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है जिसे 31 मार्च 2025 तक सर्वे के साथ-साथ जांच एवं पुष्टि सहित पूर्ण किया जाना है। सर्वे कार्य में सभी सर्वेयर एवं खण्ड विकास अधिकारियों को बराबर यह निर्देश दिये जाते रहे है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की योजना पात्रता हेतु जारी मानक के अनुसार कोई भी पात्र व्यक्ति सर्वे से वंचित न रह जाये साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित कराया जा रहा है कि पूर्व में आई0जी0आर0एस0 शिकायत की जांच में पात्र चिन्हित परिवारों तथा जिरो पावर्टी में आवास हेतु चिन्हित परिवारों का शत प्रतिशत सर्वे सुनिश्चित हो। भारत सरकार ने सर्वे के लिए दो विकल्प दे रखे है। प्रथम असिस्टेड सर्वे जो ग्राम पंचायतों मे नामित कार्मिकों द्वारा किया जा रहा है। दूसरा सेल्फ सर्वे जिसमें लाभार्थी स्वयं अपना सर्वे कर सकता है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापामारी कर चार नमूने किए संग्रहीत, 30 किलो रंगीन कचरी व 20 किलो सरसों का तेल जब्त



**संवाददाता**

फतेहपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलाए गए होली अभियान में चार नमूने , 30 किलो ग्राम रंगीन कचरी/पापड़ को नष्ट कराया जिसका अनुमानित मूल्य ?3300 तथा 20 किलोग्राम सरसों तेल को जब्त किया गया।जिसका अनुमानित मूल्य ?3400 है। आयुक्त ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी फतेहपुर के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य ) सस देवेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग जनपद फतेहपुर की खाद्य टीम ने तहसील सदर फतेहपुर में स्थित खाद्य पदार्थ निर्माण केंद्रों पर छापामार कार्रवाई करते हुए विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई जिसमें कामता नाथ स्वीट हाउस से कालाजाम मिठाई का एक नमूना संग्रहित है। 2. अरविंद स्वीट हाउस, नउआ बाग से छेना मिठाई का एक नमूना संग्रहित। यादव किराना स्टोर ,नउआ बाग से रंगीन कचरी /पापड़ का नमूना संग्रहित एवं 30 किलोग्राम रंगीन कचरी /पापड़ को मौके पर ही नष्ट किया जिसका अनुमानित मूल्य ? 3300 है ।कोढई मोड़ स्पेलर (राहीमल साहू) से सरसों तेल का नमूना संग्रहित किया एवं 20 किलो ग्राम सरसों तेल को जब्त किया गया, जिसका अनुमानित मूल्य 3400 है। अभियान आगामी होली के त्यौहार तक अनवरत रूप से जनपद के विभिन्न कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जाएगा। आम जनमानस से अनुरोध किया गया है कि मिलावट की किसी भी प्रकार की सूचना हेतु विभाग के मोबाइल नंबर 94544 68439 सूचना दी जा सकती है। खाद्य टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) देवेंद्र पाल सिंह ,मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी पूजा गुप्ता उपस्थित रहे।

## किशोर पर हमला करने वाले दो नाबालिग हुए गिरफ्तार

**संवाददाता**

फतेहपुर। पुलिस के निर्देशानुसार बकेवर थाना क्षेत्र में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत गुरुवार दोपहर पुलिस ने देवमई नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया। सादे कपड़ों में तैनात पुलिस टीम ने घात लगाकर करीब 1:10 बजे दोनों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए किशोरों की पहचान विकास (14 वर्ष), पुत्र अनीश सोनकर, और अंश (15 वर्ष), पुत्र रामप्रताप कोरी, निवासी ग्राम मुसाफा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों के खिलाफ मुकदमा, धारा 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक चाकू और विकास की शर्ट बरामद की।

## उद्यान अधिकारी और चेयरमैन ने उद्यान वाटिका का किया उद्घाटन

**संवाददाता**

हमीरपुर। कस्बे के एक नवयुवक ने युवाओं व किसानों को आत्मनिर्भर बनाने व हरियाली लाने के उद्देश्य से कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के समीप कुसुम वाटिका का निर्माण कर फल फूल सब्जी आदि के पौधों का रोपण किया है। इस वाटिका का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष एवं जिला उद्यान अधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर करते हुए कहा कि नवयुवक का यह प्रयास किसानों सहित अन्य युवाओं के लिए उत्कृष्ट हरियाली मॉडल बन सकता है। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल के निवासी पुनीत द्विवेदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर अपनी दादी मां की स्मृति में उनके नाम से कुसुमा वाटिका का निर्माण करके मृदा विशेषज्ञ एम हबीब खान के सहयोग से फल फूल सब्जी आदि के पौधों का रोपण कराया है। इस वाटिका का शुभारंभ गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे एवं जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटिहार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

## जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष 314 आबकारी दुकानों का ई-लाटरी से हुआ आवंटन

➲ कुल 317 दुकानों पर 2526 आवेदन,100 कम्पोजिट शॉप में 2409 आवेदन, एक माडल शॉप में 10 व 27 भांग की दुकानों 163 आवेदन ई-लाटरी में शामिल

**संवाददाता**

फतेहपुर। वर्ष 2025-26 हेतु घोषित आबकारी नीति के अन्तर्गत जनपद फतेहपुर की आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी सरदार बल्लभ भाई पटेल (प्रेक्षागृह) फतेहपुर में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष सम्पन्न हुई। जनपद फतेहपुर की देशी मदिरा की कुल 314 दुकानों, कम्पोजिट शॉप की कुल 100 दुकानों, मॉडल शॉप की कुल 01 दुकान एवं भांग की कुल 27 दुकानों को ई-लॉटरी प्रक्रिया में शामिल किया गया। उक्त दुकानों के सापेक्ष देशी मदिरा की कुल 317 दुकानों पर कुल 2526 आवदेन, कम्पोजिट शॉप की कुल 100 पर 2409 आवेदन, मॉडल शॉप की कुल 01 पर 10 आवेदन तथा भांग की कुल 27 दुकानों पर 163 आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हुए। समस्त आवेदनों को अर्ह पाते हुए जिला स्तरीय समिति द्वारा ई-लॉटरी प्रक्रिया में सम्मिलित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित रिट याचिका में निर्गत अन्तरिम आदेश 28 फरवरी 2025 के अनुपालन में जनपद फतेहपुर की कुल 03 दुकानों क्रमशः देशी शराब दुकान-धाता नं0-2 (धाता-सिराथू रोड) शाप आई0डी0-32391, देशी शराब दुकान मांझेपुरवा शाप आई0डी0-13307 एवं देशी शराब दुकान गहरूखेड़ा (अ) शाप आई0डी0-15200 की ई-लॉटरी स्थगित रखते हुए जनपद फतेहपुर में अवशेष कुल 314 देशी मदिरा दुकानों, 100 कम्पोजिट शॉप, 1 मॉडल शॉप तथा 27 भांग की दुकानों की ई-लॉटरी शासन द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी प्रभु नारायण सिंह गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी / लाइसेंस प्राधिकारी फतेहपुर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक फतेहपुर की उपस्थिति में जिला चयन समिति के समक्ष आज प्रथम चरण की ई-लॉटरी नियमानुसार शान्ति पूर्वक सकुशल सम्पन्न हुई। ई-लॉटरी का परिणाम माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ खण्डपीठ में योजित रिट याचिका में पारित आदेश के अधीन होगा।

# भुनगा व मिज कीट और खर्रा रोग से आम की फसल को बचाने के लिए करें समय से प्रबंधन

**संवाददाता**

फतेहपुर। जिला उद्यान अधिकारी, फतेहपुर ने बताया कि प्रदेश में आम के गुणवत्तायुक्त उत्पादन के लिये सम-सामयिक महत्व के कीट एवं रोगों का उचित समय प्रबन्धन नितान्त आवश्यक है क्योकि बौर निकलने से लेकर फल लगने तक की अवस्था अत्यन्त ही संवेदनशील होती है। वर्तमान में आम की फसल को मुख्य रूप से भुनगा एवं मिज कीट तथा खर्रा रोग से क्षति पहुँचने की सम्भावना रहती है। आम के बागों में भुनगा कीट कोमल पत्तियों एवं छोटे फलों के रस चूसकर हानि पहुंचाते हैं। प्रभावित भाग सुखकर गिर जाता है साथ ही यह कीट मधु की तरह का पदार्थ भी विसर्जित करता है, जिससे पत्तियों पर काले रंग की फफूँद जम जाती है, फलस्वरूप पत्तियों द्वारा हो रही प्रकाश संश्लेषण की क्रिया मंद पड़ जाती है। इसी प्रकार से आम के बौर में लगने वाला मिज कीट मंजरियों एवं तुरन्त बने फलों तथा बाद में मुलायम कोषलों में अण्डे देती है, जिसकी सूंडी अन्दर ही अन्दर खाकर क्षति पहुँचाती है. प्रभावित भाग काला पड़ कर सूख जाता है। भुनगा एवं मिज कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड 17.1: एस.एल (20 मि0ली0/ली0 पानी) या क्लोरपाइरीफास (1.5: (2.0) मि0ली0/ ली0 पानी) की दर से घोल बनाकर छिडकाव करने की सलाह दी जाती है। इसी प्रकार खर्रा रोग के प्रकोप से ग्रसित फल एवं डठलो पर सफेद चूर्ण के समान फफूँद की वृद्धि दिखाई देती है। प्रभावित भाग पीला पड़ जाते है तथा मजरियों सूखने लगती हैं। इस रोग से बचाव हेतु ट्राइडोमार्फ 10 मिली0 ली0 या डायनाकर 1.0 मिली0ली/ली0 पानी की दर से भुनगा कीट के नियंत्रण हेतु प्रयोग किये जा रहे घोल के साथ मिलाकर छिड़काव किया जा सकता है। बागवानों को यह भी सलाह दी जाती है कि बागों में जब बौर पूर्ण रूप से खिला हो तो उस अवस्था में कम से कम रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया जाये जिससे पर-परागण क्रिया प्रभावित न हो सके। कीटनाशक के प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियाँ कीटनाशक के डिब्बों को बच्चों व जानवरों की पहुंच से दूर रखना चाहिए। कीटनाशक का छिड़काव करते समय हाथों में दस्ताने, मुँह को मास्क व आँखों को चश्मा पहनकर ढक लेना चाहिए, जिससे कीटनाशी त्वचा व आंखों में न जाय। 3-कीटनाशक का छिड़काव शाम के समय जब हवा का वेग अधिक न हो तब करना चाहिए अथवा हया चलने की विपरीत दिशा में खड़े होकर करना चाहिए। कीटनाशक के खाली पाउच / डिब्बों को मिट्टी में दबा देना चाहिए।

## श्रमिक हित लाभ के लिए श्रमिकों के पंजीकरण का नवीनीकरण अनिवार्य

**संवाददाता**

फतेहपुर। सहायक श्रमायुक्त फतेहपुर ने बताया कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा ऐसे श्रमिक जो निर्माण गतिविधियों जैसे वेल्डिंग का कार्य, राजमिस्त्री का कार्य, प्लम्बरिंग, सडक निर्माण पुताई, इलेक्टिक वर्क, सुरंग निर्माण, टाईल्स लगाने का कार्य, चट्टान तोडने का कार्य या खनिज का कार्य, मिट्टी का कार्य बॉथ पुल, सड़क का निर्माण या भवन निर्माण के अधीन कोई प्रक्रिया, ईंट-भटटों पर ईंट निर्माण का कार्य, मिट्टी, बालू व मौरंग के खनन का कार्य, सीमेन्ट, कंक्रीट ईंट आदि ढोने का कार्य इत्यादि में संलग्न हैं तथा बोर्ड के अन्तर्गत निर्माण श्रमिक के रूप में पंजीकृत हैं. ऐसे समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के जीवन स्तर में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के उद्देश्य से बोर्ड द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं यथा ष्मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, महात्मा गांधी पेंशन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, निर्माण कामगार गंभीर बीमारी सहायता योजना एवं अटल आवासीय विद्यालय योजनाश् आदि संचालित की जाती है। बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत हितलाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अद्यतन नवीनीकृत होना अनिवार्य होता है। यहां यह भी सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों को पंजीकृत होने के लिए 18 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु का होना चाहिए एवं विगत् 12 माह में 90 दिन का निर्माण श्रमिक के रूप में कार्यरत होना चाहिए।

## साहित्यकार सहयोग संगठन द्वारा आयोजित हुई काव्य गोष्ठी का सरस्वती वंदना के साथ हुआ शुभारंभ

**संवाददाता**




कानपुर। सहित्यकार सहयोग संगठन द्वारा जयराम सिंह गौर के संयोजन में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरुआत मुख्य अतिथि ने डॉ उषा मिश्रा अध्यक्ष और आर एन सिंह रूद्र संकोची ने दीप प्रज्वलन एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती पूजन कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से की गई। संगठन की पहल अपने से वरिष्ठों को समय व सम्मान दे के अंतर्गत डॉ उषा मिश्रा के द्वारा समाज, स्वास्थ्य सेवाओं और साहित्य में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एवं वरिष्ठ साहित्यकार आर एन सिंह रूद्र संकोची का भी सम्मान किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने अपने-अपने विचार साझा किए। संगठन की अध्यक्ष डॉ गायत्री सिंह, संयोजक जयराम सिंह गौर ने अतिथियों का सम्मान किया। वही कार्यक्रम में रूद्र संकोची, डॉ उषा मिश्रा, अनिल मधुकर, धीरपाल सिंह (धीर), आचार्य राम सिंह विकल, सतीश गुप्ता, डॉ अरुण तिवारी गोपाल, डॉ हेमा पांडेय, डॉ राम नरेश सिंह चौहान, जयराम सिंह सेंगर, अजीत राठौर, श्री हरि वाणी महेंद्र मधुकर, मधु मोहिल, डॉ राधा शाक्य, डॉ प्रभा दीक्षित व डॉ सुषमा सेंगर ने काव्य पाठ कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय शंकर मिश्रा, सुधा बाजपेयी, सुषमा, अभिषेक, रत्नेश जूही सहित सम्मानित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मौजूदा परिवेश में बेरंग हुआ फागुन का रंग

❑ फाग गायकों ने टीवी और मोबाईल फोन को बताया जिम्मेदार

**संवाददाता**

हमीरपुर। होली पर्व में अब महज एक सप्ताह का फासला बाकी है। दशकों पूर्व एक पखवारे पूर्व से ही शाम ढलते गांव की चौपालें ईश्वरी रचित फागों से गूंज उठती थी लेकिन जब से युवाओं में आधुनिकता का रंग चढ़ा है। तब से ईश्वरी की फागों का रंग फीका हो गया है। बुंदेलखंड में होली पर्व वृंदावन की होली की तर्ज पर होता था। बसंत पंचमी से गांव की चौपालें शाम होते ही ईश्वरी एवं कवि जितेंद्र रचित फागों से देर रात तक गुंजायमान होती रहती थी। होली जलने से रंग पंचमी तक गांव में फागों की धूम मची रहती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। जब से युवाओं में आधुनिकता का रंग चढ़ा है तब से फागों का रंग फीका हुआ है। प्रसिद्ध फाग गायक बिदोखर के अमर सिंह, शिवनाथ सविता, हरिहर किशोर पाठक, डा. मानसिंह आदि ने बताया कि जब तक टीवी मोबाइल नहीं था। तब तक फागों का बहुत चलन था। लोग दूसरे गांवों से कलाकारों को बुलाकर फागों का गायन कराकर आनंद उठाते थे। फागों के गायन में कवि ईश्वरी के साथ जितेंद्र रचित फागों को गाया जाता था। फागें सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती थी। छंद, चौकड़िया, खड़ी फाग, दहकवा, बृजवासी, उड़ान फागों का लोग जमकर लुत्फ उठाते थे। आज का युवा वर्ग इन फागों के बारे में कुछ नहीं जानता है। इन फागों में जीवन का सार छुपा रहता है। लोगों को जीवन जीने की दिशा देने के साथ समाज में प्रेम विश्वास सौहार्द एकता भाईचारे का संदेश फागों के माध्यम से दिया जाता था। लोग इनको सुनने के बाद जीवन में इनका अनुशरण करते थे और खुशहाल जीवन जीते थे। लेकिन जैसे ही टीवी मोबाइल डीजे आदि का चलन समाज में बढा। लोग परंपरागत चीजों से दूर होते गए और अपनी संस्कृति सभ्यता से ही दूरी बना बैठे। यह समाज हित में नहीं बल्कि समाज के लिए घातक है। यही कारण है कि पर्वों में अब उस तरह का उत्साह उमंग नहीं रह गया है। जैसा दशकों पूर्व था। लोग सारे भेदभाव भूलकर रंगों के इस पर्व में आपस में एकत्र होकर खुशियों के रंग से सराबोर हो जाते थे।

## मारपीट व झगड़ा करने वाले नौ वारंटी किया गिरफ्तार

**संवाददाता**

फतेहपुर। वर्ष 2012 में यानी 13 वर्ष पहले मामूली कहा सुनी में झगड़ा हुआ मारपीट के मामले में न्यायालय से वारंटी नौ लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने आज गुरुवार को सभी के खिलाफकानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सेलावन गांव में वर्ष 2012 में यानी 13 साल पहले मामूली कहासुनी में की गई मारपीट व झगड़ा की गईं थी। इसी मामले में पुलिस ने न्यायालय से 9 वारंटी वीर पुत्र बोधन, सोनू पुत्र अयोध्या, भैयालाल पुत्र दुर्गा, सुरेश पुत्र माधव सर्वेश पुत्र भगवान दीन, संतोष पुत्र भगवान दीन दिनेश पुत्र दुर्गा, अशोक पुत्र दुर्गा तथा अयोध्या प्रसाद पुत्र माधव को गिरफ्तार किया। गुरुवार को दिन में करीब एक बजे कानूनी कार्रवाई करके सभी को न्यायालय भेज दिया गया। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट व झगड़े के मामले में न्यायालय से वारंट था। जिसके तहत सभी नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# उर्दू पत्रकारिता में इमरान को मिला गोल्ड मैडल

➲ दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में किया गया सम्मानित




Indian Institute of Mass Communication (IIMC) के उर्दू पत्रकारिता में सूचना और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के हाथों गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया.

**संवाददाता**

प्रयागराज। मऊआइमा कस्बे के महत्वाना मोहल्ला निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र अतीकुर्रहमान को उर्दू जर्नलिज्म में टॉप करने पर गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया है। मंगलवार को नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से उर्दू पत्रकारिता में टॉप करने पर भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मोहम्मद इमरान को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।इसकी जानकारी मिलने पर घर परिवार में हर्ष का माहौल है।उनकी इस उपलब्धि पर नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी, जावेद आलम जेया,मोहम्मद अय्यूब अंसारी,हाजी मोहम्मद वासिक, मोहम्मद हारून अंसारी,फारूक अंसारी आदि ने हर्ष व्यक्त की है।

# वाटरशेड यात्रा अभियान के यात्रा रथ को डीएम व सीडिओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**संवाददाता**

फतेहपुर। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 2.0 के परियोजना के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा अभियान के यात्रा रथ को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी श पवन कुमार मीना ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाटरशेड यात्रा अभियान के उद्देश्य है कि प्रधानमत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटरशेड विकास 2.0 की परियोजना के परिणामों तथा लाभों में ग्रामीणों तक परियोजना कार्यों में उनकी जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ाना है। वाटरशेड क्षेत्र में अब तक कराये गये कार्य इन्ट्री प्वाइंट एक्टीविटी (ई0पी0ए0) इन्ट्री प्वाइंट एक्टीविटी (ई0पी0ए0) में अब तक कुल 54 निम्नानुसार कराये गये है। ग्रामीणों के क्षमता विकास हेतु वाटरशेड में अब तक 2000 लाभार्थितो का प्रशिक्षण कराया जा चुका है, जिसमें 200 लोगों का आवासीय प्रशिक्षण ग्राम्य विकास विभाग एवं 100 लाभार्थियों का प्रशिक्षण तत्कालीन मा0 सांसद/ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भारत सरकार की अध्यक्षता में प्रेक्षाग्रह फतेहपुर तथा 1700 लोगों का प्रशिक्षण वैज्ञानिकों एवं विषय वस्तु विशेष ग्रामीण स्तर पर कराया गया। जलागम विकास कार्यो के अन्तर्गत अब तक 212 मृदा अवस एवं 21 ड्रॉप स्पिलवे (सुरक्षित जल निकास संरचना) का निर्माण किया जा चुका है। उत्पादन प्रणाली के अन्तर्गत 1007 लाभार्थियों को चारा विकास लाभार्थियों को पावर नैपसेक स्प्रेयर के माध्यम से लाभान्वित किया जा चुका है।

# 'नेशनल क्रश' तमगे से परेशान नहीं है रशिमका मंदाना


## इससे नहीं मिलती करियर में कोई मदद



**मंदाना ने साल 2016 में फिल्म 'किरिक पार्टी' से की थी करियर की शुरुआत**

अभिनेत्री रशिमका मंदाना ने कहा कि उन्हें प्रशंसकों द्वारा दिए गए ''नेशनल क्रश जैसे किसी तमगे से परेशानी नहीं है, लेकिन ये उन्हें एक कलाकार के रूप में परिभाषित नहीं करते हैं। मंदाना महज 28 साल की उम्र में हाल के समय में सबसे बड़ी अभिनेत्री के रूप में उभरी हैं। उनकी फिल्म 'गीता गोविंदम', 'डियर कॉमरेड', 'भीष्म', 'सीता रामम', 'वारिसु' और 'पुष्पा एवं पुष्पा-2श् को लोगों ने बहुत पसंद किया था। मंदाना ने कहा कि एक कलाकार के तौर पर उनके लिए सबसे ज्यादा मायने यह रखता है कि लोग उनकी फिल्मों को कितना प्यार देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी तरह का तमगा होने से आपके करियर में आपको कोई मदद मिलेगी। आपके प्रशंसकों के प्यार के कारण आपको यह तमगा मिलता है। वे आपको इन्हीं नामों से बुलाना चाहते हैं और वे ऐसा ही करेंगे3। मंदाना ने साल 216 की फिल्म 'किरिक पार्टी' से अपने करियर की शुरुआत की थी। उस दौरान उन्हें लगा था कि यह केवल उनकी एक फिल्म होगी। इसके बाद उन्हें और फिल्मों में काम करने का मौका नहीं मिलेगा। अब मैं यहां हूं। मैं 24 फिल्में कर चुकी हूं और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं। बहुत सी प्रतिभाशाली महिलाएं हैं, लेकिन मैं बस अपने सफर पर हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने दर्शकों और अपने शुभचिंतकों के साथ सचमुच जुड़ाव महसूस करती हूं3 और मैं इसे अपने दिल के करीब रखना चाहती हूं और अपनी फिल्में करती रहना चाहती हूं। अभिनेत्री ने पिछले दो वर्ष में उत्तर और दक्षिण फिल्म जगत की दो ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की 223 की फिल्म 'एनिमल' में अभिनेता रणबीर कपूर के साथ अभिनय किया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1` करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी। वहीं, उन्होंने फिल्म 'पुष्पा 2रु द रूल' में दोबार से लोगों का पसंदीदा किरदार श्रीवल्ली निभाया। इस फिल्म ने दुनिया भर में 1,8 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। दोनों फिल्म जगत में किसी भी फिल्म को चुनने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ये उनके लिए चुनौतीपूर्ण होता है। मंदाना ने कहा कि सच बताऊं तो आज अगर दक्षिण और हिंदी के किसी कार्यक्रम में मुझे एक ही समय पर जाना पड़े तो यह मेरे लिए मुश्किल होता है। मुझे पता है कि मुझे हर जगह से कितना प्यार मिला है, इसलिए यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपनी नींद को 'बाय बाय' कहूं और बस यहां जाऊं। अभिनेत्री रशिमका मंदाना ने कहा कि उन्हें प्रशंसकों द्वारा दिए गए ''नेशनल क्रश'' जैसे किसी तमगे से परेशानी नहीं है, लेकिन ये तमगे उन्हें एक कलाकार के रूप में परिभाषित नहीं करते हैं। मंदाना महज 28 साल की उम्र में हाल के समय में सबसे बड़ी अभिनेत्री के रूप में उभरी हैं। उनकी फिल्म 'गीता गोविंदम', 'डियर कॉमरेड', 'भीष्म', 'सीता रामम', 'वारिसु' और 'पुष्पा एवं पुष्पा-2' को लोगों ने बहुत पसंद किया था। मंदाना ने कहा कि एक कलाकार के तौर पर उनके लिए सबसे ज्यादा मायने यह रखता है कि लोग उनकी फिल्मों को कितना प्यार देते हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मुझे नहीं लगता कि किसी तरह का तमगा होने से आपके करियर में आपको कोई मदद मिलेगी। आपके प्रशंसकों के प्यार के कारण आपको यह तमगा मिलता है। वे आपको इन्हीं नामों से बुलाना चाहते हैं और वे ऐसा ही करेंगे लेकिन फिर भी ये सभी तमगे सिर्फ तमगे ही होते हैं3'' मंदाना ने साल 216 की फिल्म 'किरिक पार्टी' से अपने करियर की शुरुआत की थी और उस दौरान उन्हें लगा था कि यह केवल उनकी एक फिल्म होगी और इसके बाद उन्हें और फिल्मों में काम करने का मौका नहीं मिलेगा। मंदाना ने कहा, ''लेकिन अब मैं यहां हूं। मैं 24 फिल्में कर चुकी हूं और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं क्योंकि यहां बहुत सी खूबसूरत महिलाएं हैं और बहुत सी प्रतिभाशाली महिलाएं हैं लेकिन मैं बस अपने सफर पर हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं अपने दर्शकों और अपने शुभचिंतकों के साथ सचमुच जुड़ाव महसूस करती हूं3 और मैं इसे अपने दिल के करीब रखना चाहती हूं और अपनी फिल्में करती रहना चाहती हूं।'' अभिनेत्री ने पिछले दो वर्ष में उत्तर और दक्षिण फिल्म जगत की दो ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की 223 की फिल्म 'एनिमल' में अभिनेता रणबीर कपूर के साथ अभिनय किया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1` करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की थी। वहीं, उन्होंने फिल्म 'पुष्पा 2रु द रूल' में दोबार से लोगों का पसंदीदा किरदार श्रीवल्ली निभाया। इस फिल्म ने दुनिया भर में 1,8 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की। दोनों फिल्म जगत में किसी भी फिल्म को चुनने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ये उनके लिए चुनौतीपूर्ण होता है। मंदाना ने कहा, ''सच बताऊं तो आज अगर दक्षिण और हिंदी के किसी कार्यक्रम में मुझे एक ही समय पर जाना पड़े तो यह मेरे लिए मुश्किल होता है, लेकिन मुझे पता है कि मुझे हर जगह से कितना प्यार मिला है, इसलिए यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपनी नींद को 'बाय बाय' कहूं और बस यहां जाऊं।''

## हम साथ साथ...का हिस्सा हो सकते थे शाहरुख



डायरेक्टर सूरज बड़जात्या फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में शाहरुख खान को कास्ट करना चाहते थे। हालांकि बाद में बात नहीं बनी और उन्होंने उस रोल में सैफ अली खान को कास्ट किया। सूरज ने कहा, 'कई साल पहले हम सैफ वाले रोल के बारे में बात कर रहे थे। यह बहुत पुरानी बात है।' सूरज ने यह खुलासा बॉलीवुड बबल के इंटरव्यू में किया। शूटिंग के दौरान घबराए हुए थे सैफ अली खान सूरज बड़जात्या ने कुछ समय पहले कहा था कि फिल्म की शूटिंग के दौरान सैफ अली खान बहुत घबराए हुए थे। उस वक्त सैफ अपने करियर में बुरे फेज से गुजर रहे थे। सूरज ने कहा था, 'जब फिल्में नहीं चलतीं तो एक्टर्स थोड़ा हिल जाते हैं। इस कारण सैफ भी घबरा जाते थे। पहली बार उन्होंने इतना बड़ा किरदार निभाया था, वह भी इतने बड़े एक्टर्स के साथ। वे बहुत प्रेशर में रहते थे, बहुत मेहनत करते थे। स्क्रिप्ट की लाइन्स को बार-बार दोहराते थे।' शूटिंग के डर से रात में सोते नहीं थे सैफ सूरज ने बताया था कि 'सुनो जी दुल्हन' गाने की शूटिंग के दौरान, सैफ को महेश ठाकुर और आलोक नाथ की एक्टिंग करनी थी। इस वजह से सैफ पूरी रात सो नहीं पाए थे। सूरज ने कहा था, 'मैंने अमृता (सैफ की पहली पत्नी) से पूछा था कि वह सही से दोनों स्टार्स की एक्टिंग क्यों नहीं कर पा रहे हैं। तब अमृता ने बताया कि सैफ पूरी रात सोते ही नहीं हैं, शीशा देखते हैं और सोचते रहते हैं कि वे यह सब कैसे करेंगे। तब मैंने अमृता से कहा कि वे सैफ को कुछ दवा दें और उन्हें सुला दें। फिर अगले दिन सैफ का एक बदला हुआ अवतार देखने को मिला और एक ही टेक में उन्होंने पूरा शॉट दिया।' बॉक्स ऑफिस पर हिट थी फिल्म 1999 में रिलीज हुई फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में सलमान खान, करिश्मा कपूर, सोनाली बेंद्रे, तब्बू जैसे कलाकार थे। 19 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 81.71 करोड़ की कमाई की थी।

## कानूनी मुसीबत में फंसी फराह खान



बॉलीवुड फिल्म मेकर और कोरियोग्राफर फराह खान इन दिनों कुकिंग शो सेलिब्रिटी मास्टर शेफ होस्ट कर रही हैं. शो के दौरान उन्होंने हिंदू त्योहार होली के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी जिसके बाद उन्हें काफी ट्रोल होना पड़ा है. फराह खान के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई है. फराह खान के खिलाफ केस दर्जहिंदुस्तानी भाऊ के नाम से फेमस विकास फाटक ने अपने वकील, एडवोकेट अली काशिफ खान देशमुख के जरिये फराह खान के खिलाफ शिकायत दर्ज की है. लेटेस्ट रिपोर्ट्स के मुताबिक, खार पुलिस स्टेशन में आज शिकायत दर्ज की गई, जिसमें 20 फरवरी को सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के एक एपिसोड के दौरान की गई विवादास्पद टिप्पणी के लिए फराह के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का अनुरोध किया गया है. फराह खान पर लगे हैं ये आरोप आईएएनएस की एक रिपोर्ट के अनुसार, अपनी शिकायत में, विकाश फाटक ने आरोप लगाया कि फराह खान ने होली को ष्छापरियों के लिए एक त्योहारष् बताया है, जिसे कई लोग अपमानजनक मानते हैं. हिंदुस्तानी भाऊ ने आगे कहा कि उनकी टिप्पणी से उनकी व्यक्तिगत धार्मिक भावनाओं के साथ-साथ व्यापक हिंदू समुदाय की भावनाएं भी आहत हुई है. वकील देशमुख ने कहा, ञमेरे मुवक्किल का कहना है कि फराह खान द्वारा की गई इस टिप्पणी ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं का अपमान किया है. किसी पवित्र त्योहार का वर्णन करने के लिए श्छपरीश् शब्द का इस्तेमाल अत्यधिक अनुचित है और इससे सांप्रदायिक तनाव पैदा होने की संभावना है.ष् फराह खान के खिलाफ कई धाआरों में शिकायत की गई है दर्ज उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 196, 299, 302 और 353 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. फराह खान के किस कमेंट पर हो रहा विवाद? बता दें कि फराह खान, इन दिनों सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में जज हैं. उन्होंने होली के त्योहार के बारे में एक टिप्पणी की, जिस पर ऑनलाइन ट्रोलिंग शुरू हो गई थी. उन्होंने शो के दौरान कहा था, ष्होली सभी छापरी लोगों का पसंदीदा त्योहार है,ष् ष्छपरीष् शब्द को व्यापक रूप से एक जातिवादी गाली माना जाता है. उनकी टिप्पणी के बाद, खान को सोशल मीडिया पर तीखी आलोचना और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. लोग उनसे माफी मांगने के लिए कह रहे हैं.


## दुबई का टिकट कटवाने के लिए लाहौर में भिड़ेंगी दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड

**चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल आज पाकिस्तान के लाहौर में होगा। जहाँ साउथ अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। ग्रुप बी में साउथ अफ्रीका जहां टेबल टॉपर रही थी तो ग्रुप ए न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर थी। दक्षिण अफ्रीका ने तो पिछले तीन दिनों में कराची से दुबई और फिर दुबई से लाहौर की यात्रा की है।**

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 का दूसरा सेमीफाइनल आज पाकिस्तान के लाहौर में होगा। जहाँ साउथ अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। ग्रुप बी में साउथ अफ्रीका जहां टेबल टॉपर रही थी तो ग्रुप ए न्यूजीलैंड दूसरे स्थान पर थी। दक्षिण अफ्रीका ने तो पिछले तीन दिनों में कराची से दुबई और फिर दुबई से लाहौर की यात्रा की है। दरअसल, पहला सेमीफाइनल दुबई में होना था और ये तय नहीं था कि भारत के सामने ऑस्ट्रेलिया होगा या फिर साउथ अफ्रीका। जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका दोनों ही टीमें दुबई पहुंच गई थीं। लेकिन जब ये तय हुआ कि भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा तो वापस अफ्रीका दुबई से लाहौर के लिए रवाना हो गई। साउथ अफ्रीका को भले ही कराची से दुबई और फिर दुबई से लाहौर की यात्रा करनी पड़ी हो लेकिन यहां खेलना उन्हें पसंद होगा। इसकी वजह है लाहौर की पाटा पिच जो बल्लेबाजों के लिए जन्नत से कम नहीं, साउथ अफ्रीका की मजबूत और शक्तिशाली बैटिंग लाइन अप इस पर उन्हें प्रबल दावेदार बनाती है। लाहौर में ही इस प्रतियोगिता के इतिहास का सबसे बड़ा चेज देखने को मिला था। तो वहीं न्यूजीलैंड भी खुश होगी कि लाहौर की पिच उनके बल्लेबाजों के लिए ज्यादा अनुकूल है। टॉस का महत्व यहां इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि शाम के बाद ओस की उम्मीद रहती है और अगर ओस आई तो फिर गेंदबाजों का परेशान होना स्वाभाविक है। लाहौर में मौसम कैसा रहेगा ? हालांकि लाहौर में खेले गए कई मैचों में बारिश का संकट रहा है लेकिन इस मैच में बारिश की संभावना कम जताई गई है। यहां बारिश की संभावना न के बराबर है। दिन में तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया गया है। वातावरण में 47ः नमी रहेगी। वहीं हवा 19 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की संभावना है। मैच रद्द हुआ तो क्या होगा आईसीसी ने आज के सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे रखा है। अगर रिजर्व डे के दिन भी बारिश होती है और मैच को रद्द करना होगा तो फिर ग्रुप स्टेज में टॉप पर रहने वाली टीम फाइनल में क्वालीफाई करेगी। यानी बारिश ने मैच का मजा बिगाड़ा तो ग्रुप बी में टॉप पर रहने वाली टीम यानी साउथ अफ्रीका को प्वाइंट्स टेबल के आधार पर फाइनल खेलने का मौका मिलेगा। लेकिन आईसीसी हर संभव कोशिश करेगी कि दोनों टीमें मैच में कम से कम 25-25 ओवर खेल सके जिससे डकवर्थ लुईस नियम के तहत मैच का परिणाम निकाला जा सके।दोनों संभावित टीम साउथ अफ्रीकारू टेम्बा बवुमा (कप्तान), ऐडन मार्करम, रायन रिकेलटन, रासी वान डर डसन, हेनरिक क्लासन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, वायन मुल्डर, मार्को यानसन, कगिसो रबाडा, केशव महाराज और लुंगी एनगिडी।? न्यूजीलैंड रू मिचेल सैंटनर (कप्तान), विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियम्सन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मैट हेनरी, काइल जैमीसन और विलियम ओरूर्क।

# दुबई में खेलने से भारत को हुआ फायदा?

## पाकिस्तानी पत्रकार पर भड़के राजीव शुक्ला, पाक सीरीज पर दिया बड़ा बयान




**लाहौर।** राजीव शुक्ला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच देखने गए थे और उस दौरान उनसे यही सवाल पूछा गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष इस सवाल पर भड़क गए और उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को करारा जवाब दिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तानी पत्रकार के उस सवाल पर भड़क गए जिसमें उन्होंने उससे पूछा कि क्या चौंपियंस ट्रॉफी में भारत को दुबई में खेलने का फायदा हो रहा है? इस आईसीसी टूर्नामेंट का मेजबान पाकिस्तान है, लेकिन भारत ने इसके लिए पड़ोसी देश की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने भारत के सभी मुकाबले दुबई में कराने का फैसला किया था। कई क्रिकेट विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को एक ही स्थान पर खेलने का फायदा हो रहा है। राजीव शुक्ला दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच लाहौर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच देखने गए थे और उस दौरान उनसे यही सवाल पूछा गया। बीसीसीआई उपाध्यक्ष इस सवाल पर भड़क गए और उन्होंने पाकिस्तानी पत्रकार को करारा जवाब दिया। राजीव ने कहा कि भारत पिच नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन पर निर्भर रहती है। एक ही स्थल पर खेलने के फायदे को किया खारिज राजीव शुक्ला ने कहा, जब आईसीसी स्तर पर यह निर्णय लिया गया था तो यह तय किया गया था कि भारत के मैच दुबई में होंगे और बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे इसलिए यह निष्पक्ष या अनुचित का सवाल नहीं है। भारतीय टीम पिचों पर निर्भर नहीं करती है, यहां तक कि दुबई में भी अलग-अलग तरह की पिचें हैं। टीम अपने प्रदर्शन के आधार पर खेलती है, खिलाड़ी अपनी ताकत के आधार पर खेलते हैं और पिचों पर निर्भर नहीं होते हैं। श्तटस्थ स्थल पर द्विपक्षीय सीरीज खेलना बीसीसीआई की नीति नहींश् राजीव शुक्ला ने इस दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच तटस्थ स्थल पर द्विपक्षीय सीरीज की संभावनाओं के बारे में भी पूछा गया। इसे लेकर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट की बहाली भारत सरकार की मंजूरी के अधीन है। वहीं, द्विपक्षीय सीरीज तटस्थ स्थल पर खेलना बीसीसीआई के नीति नहीं रही है। उन्होंने कहा, जहां तक आप दोनों देशों के बीच क्रिकेट के बारे में पूछ रहे हैं तो यह बहुत स्पष्ट है कि यह भारतीय सरकार का फैसला है। भारत की सरकार जो भी कहेगी, हम उनके अनुसार चलेंगे। पाकिस्तान लंबे समय के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है और यह अच्छी बात है। उन्होंने इसका अच्छे से आयोजन किया है।बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा, यह सच है कि दोनों देशों के प्रशंसक चाहते हैं कि टीमें खेलें, लेकिन बीसीसीआई की नीति रही है कि द्विपक्षीय मैच एक-दूसरे की धरती पर ही होने चाहिए ना कि तटस्थ स्थल पर और पीसीबी की भी ऐसी ही नीति होगी। बीसीसीआई की लगातार यही नीति रही है। आईसीसी में भी एक प्रावधान है जो सरकार की सहमति के बारे में है। यह एक बड़ा प्रावधान है इसलिए यह सरकार की सहमति के दृष्टिकोण से होता है। हम अपनी बात सरकार के सामने रखते हैं, लेकिन वे विचार-विमर्श के बाद फैसला करते हैं। जब सरकार कोई फैसला लेती है तो वह कई पहलुओं पर विचार करने के बाद लेती है। यह उनका आंतरिक मामला है। लंबे समय से नहीं हो रही द्विपक्षीय सीरीज भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो रही है। भारत ने आखिरी बार 2008 में एशिया कप के दौरान पाकिस्तान का दौरा किया था। पाकिस्तान की टीम हालांकि वनडे विश्व कप 2023 में भाग लेने के लिए भारत दौरे पर आई थी। इन दोनों देशों के बीच 2012-13 में द्विपक्षीय सीरीज खेली गई थी और तब से भारत और पाकिस्तान आईसीसी या बहुराष्ट्रीय देशों के टूर्नामेंट में ही एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं। भारतीय टीम चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गई है, जबकि पाकिस्तान का सफर ग्रुप चरण में ही थम गया था।

## दुबई में स्पिनरों के खिलाफरंग में नजर आ रहे हैं विराट कोहली, अब नई ऊंचाई छूने को बेताब




**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। हालांकि वह मायूस नहीं होंगे। वह लंबे समय से स्पिनरों के खिलाफ परेशान चल रहे थे। इस दौरान वह इससे पूरी तरह उबरते दिखाई दिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पर्थ टेस्ट में शतक के बाद लगातार रनों के लिए जूझ रहे विराट कोहली ने चौंपियंस ट्रॉफी में अपनी पुरानी फॉर्म को हासिल करते हुए लेग स्पिन के खिलाफ आ रही दिक्कतों पर भी पार लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ शतक और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रन की पारी के दौरान विराट एक बार फिर नई ऊंचाइयां छूने को आतुर दिख रहे हैं। 52वें वनडे शतक से चूके थे कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अगर वह शतक से 16 रन से चूके नहीं होते तो यह उनका 52वां वनडे शतक होता। हालांकि वह मायूस नहीं होंगे। वह लंबे समय से स्पिनरों के खिलाफ परेशान चल रहे थे। इस दौरान वह इससे पूरी तरह उबरते दिखाई दिए। साथ ही उन्होंने 98 गेंद में सिर्फ पांच चौके लगाते हुए एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अर्धशतक जड़ा, जिसने अतीत में कई बार भारत का दिल तोड़ा है। हालांकि, यह चमत्कार रातोंरात नहीं हुआ है। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत छुपी है। स्पिनरों के खिलाफ खेलने पर दिया ध्यान कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले नेट पर दो घंटे ज्यादा बिताए चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ स्पिनर रिशाद हुसैन ने उन्हें आउट किया था। उन्होंने पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद को बखूबी खेला लेकिन ऑस्ट्रेलिया के एडम जैम्पा अलग लीग के गेंदबाज हैं। दुबई की धीमी पिच पर दूसरी पारी में गेंदबाजी से जैम्पा को और मदद मिली। पहली बार दोनों का सामना 2017 में हुआ था जब जैम्पा ने सफेद गेंद के प्रारूप में कोहली को पांच बार आउट किया। इसके बाद से कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज लेग स्पिनर को जवाबी हमले से रोका है। चौंपियंस ट्रॉफी के मैच से पहले उनके खिलाफ 107 की स्ट्राइक रेट से वह 245 गेंद में 264 रन बना चुके थे। सेमीफाइनल में कोहली ने जैम्पा की 24 गेंद में 23 रन बनाए। जीत के लिए 265 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह शानदार तो नहीं लेकिन प्रभावी प्रदर्शन रहा। उन्हें जैम्पा ने ही आउट किया लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुके थे। अब भारत का सामना फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफभारतीय टीम इस चौंपियंस ट्रॉफी में दूसरी बार खेलने उतरेगी। खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से सामना भारत और न्यूजीलैंड चौंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप ए में शामिल थीं। भारत ने ग्रुप चरण के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हराया था और अब आठ दिन के अंतर दोनों टीमें एक बार फिर आमने-सामने होंगी। गत दो मार्च को भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर मुकाबला हुआ था जिसमें भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 250 रनों का लक्ष्य रखा था। इस मैच में वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से टीम इंडिया लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही थी। भारत भले ही यह मैच जीतने में सफल रहा था, लेकिन कोहली का बल्ला कीवियों के खिलाफ नहीं चला था और वह 11 रन बनाकर आउट हुए थे। कोहली इस चौंपियंस ट्रॉफी में लय में नजर आ रहे हैं। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 22 रन, पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100, न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रनों की पारियां खेली हैं। फाइनल में भारत को फिर अपने इस स्टार बल्लेबाज से अच्छी पारी की उम्मीद होगी। मिचेल सैंटनर की अगुआई में कोहली को एक बार फिर कीवी टीम के स्पिनरों का सामना करना होगा।

## भारत ने लिया ऑस्ट्रेलिया से 2023 का बदला, सेमीफाइनल में रौंदकर फाइनल में बनाई जगह

**भारत ने लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। टीम इंडिया की जीत के स्टार मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे, जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को रौंदने में अहम भूमिका निभाई। शमी ने जहां 3 विकेट चटकाए वहीं ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर रोका। वहीं कोहली ने 84 रन के दमदार पारी खेली और भारतीय टीम के लिए सफलतापूर्वक रन चेज किया।**

भारत ने आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपने जीत के कारवां को जारी रखते हुए सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को 4 विकेट से हराया है। इसके साथ ही भारत ने लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई है। टीम इंडिया की जीत के स्टार मोहम्मद शमी और विराट कोहली रहे, जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को रौंदने में अहम भूमिका निभाई। शमी ने जहां 3 विकेट चटकाए वहीं ऑस्ट्रेलिया को 264 रन पर रोका। वहीं कोहली ने 84 रन के दमदार पारी खेली और भारतीय टीम के लिए सफलतापूर्वक रन चेज किया। दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत ने 14 साल बाद किसी आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच में ऑस्ट्रेलिया को हराया है। वर्ल्ड कप 2011 के क्वार्टर फाइनल में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और फिर खिताब भी जीता था। इस बार टीम इंडिया ने खिताब के और करीब आकर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में रौंदकर बाहर का रास्ता दिखाया है। वहीं भारत ने तीसरी बार चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाकर हैट्रिक भी कर ली है। वहीं 265 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को 30 के स्कोर पर पहला झटका लगा। गिल ने 11 गेंद में 8 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 29 गेंद में 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। श्रेयस अय्यर 62 गेंद में 45 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल 30 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हुए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 98 गेंद में 84 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पंड्या 24 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। केएल राहुल 34 गेंद में 42 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। ऑस्ट्रेलियाई पारी की बात करें तो टीम की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज कूपर कोनोली बिना खाता खोले आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने अपना शिकार बनाया। ट्रेविस हेड ने धीमी शुरुआत के बाद ताबड़तोड़ बड़े शॉट खेले जैसे ही वो भारत के लिए खतरनाक साबित हो रहे थे तो वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें शुभमन गिल के हाथों कैच आउट करा दिया।

## बेखौफक्रिकेट खेलने लेकिन शांत बने रहने से टी20 में सफलता मिली

**मुंबई ।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू टी20 में मिली सफलता का श्रेय शांत रहते हुए बेखौफक्रिकेट खेलने को दिया। रहाणे ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के पिछले सत्र में 164 .56 की स्ट्राइक रेट से 469 रन बनाये जिसमें पांच अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलते हुए भी कामयाबी हासिल की थी। स्किलहब आनलाइन गेम्स फेडरेशन के ब्रांड दूत रहाणे ने कहा ,'' मैं हमेशा पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाने की सोचता था। पिछले दो तीन साल से हालांकि मैने आजादी के साथ बेखौफ क्रिकेट खेलने पर जोर दिया।'' उन्होंने कहा ,'' मैं यही करने की कोशिश कर रहा हूं लेकिन अपनी प्रक्रिया भी नहीं छोड़ी है। अपने स्वाभाविक खेल को बरकरार रखा है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मेरा प्रदर्शन अच्छा था जिससे काफी आत्मविश्वास मिला।'' रहाणे ने कहा ,'' यह अपने खेल पर भरोसा करके वर्तमान में रहने और शांतचित्त रहने के बारे में है। मैने हमेशा अपने खेल में सुधार और उसका पूरा मजा लेने पर जोर दिया।'' चौम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया पर चार विकेट से मिली जीत के बारे में उन्होंने कहा ,'' मुझे खुशी है कि भारत फाइनल में पहुंच गया है। मैं टीम को बधाई देता हूं और मुझे यकीन है कि वे फाइनल में अच्छा खेलेंगे।

## रोहित शर्मा के संन्यास वाले सवाल पर आग बबूला हो गए हेड कोच गंभीर, जानें टीम इंडिया के कप्तान को लेकर क्या कहा?

टीम इंडिया ने चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को मात देकर अपनी जगह पक्की कर ली। रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत लगातार चौथा आईसीसी फाइनल खेलने वाला है। टीम इंडिया इस खिलाड़ी की कप्तानी में कमाल कर रही है। ऐसे में जब रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर सवाल किया गया तो भारतीय हेड कोच आग बबूला हो गए। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर से सवाल किया गया कि क्या भारतीय कप्तान इस टूर्नामेंट के बाद संन्यास ले लेंगे। रोहित की बल्लेबाजी के बारे में बात करते हुए गंभीर ने कहा कि, देखिए चौंपियंस ट्रॉफी का फाइनल अब आ रहा है। उससे पहले मैं क्या कह सकता हूं। अगर आपका कप्तान इतनी तेज गति से बल्लेबाजी करता है तो ये ड्रेसिंग रूम को एक बहुत अच्छा संकेत देता है कि हम बिल्कुल निडर और साहसी बनाना चाहते हैं। आप रनों से मूल्यांकन करते हैं, हम प्रभाव से मूल्यांकन करते हैं। यही अंतर है। पत्रकार के तौर पर विशेषज्ञ के तौर पर, आप केवल संख्याएं, औसत देखते हैं। लेकिन एक कोच के तौर पर एक टीम के तौर पर हम संख्याएं या औसत नहीं देखते हैं। अगर कप्तान पहले अपना हाथ बढ़ाता है तो ड्रेसिंग रूम के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। चौंपियंस ट्रॉफी में भारतीय कप्तान ने पावरप्ले में टीम के लिए अहम रन जुटाए हैं। चार मैचों में उन्होंने 26.00 की औसत और 107.21 की स्ट्राइक रेट से 104 रन बनाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 41 रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच के दौरान उन्होंने 29 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। रोहित के कप्तान रहते हुए भारत ने सबसे पहले वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप 2023 का फाइनल खेला। इसी साल वह आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंचा। यहां उसे ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। अगले ही साल उन्होंने आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बनाई और साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता। भारत अब आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भी पहुंच गया है और इसमें भी रोहित शर्मा का अहम रोल रहा था।

## अभी तक परफेक्ट खेल नहीं दिखाया, उम्मीद है कि नौ मार्च को: गंभीर

आसानी से संतुष्ट नहीं होने वाले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि चौम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने के बावजूद उनकी टीम ने अभी तक 'परफेक्ट खेल' नहीं दिखाया है और उन्हें उम्मीद है कि रविवार को फाइनल में यह देखने को मिलेगा। भारत ने पहले सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 84 रन की पारी खेली। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' अंतरराष्ट्रीय खेल में आप लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आप यह नहीं कहते कि पूरी तरह से परफेक्ट खेल दिखाया। अभी तक हमने परफेक्ट प्रदर्शन नहीं किया है। मैं कभी भी प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होऊंगा।'' उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम नौ मार्च को चौम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में ऐसा कर पायेगी। उन्होंने कहा ,'' अभी हमें एक मैच और खेलना है। उम्मीद है कि वह परफेक्ट खेल होगा। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और क्रिकेट के मैदान पर बेरहम लेकिन मैदान से बाहर विनम्र रहना चाहते हैं।'' भारत ने चार स्पिनरों को उतारने, अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर भेजने और केएल राहुल को छठे नंबर पर उतारने जैसे साहसिक फैसले भी लिये। बाहर से यह भले ही अतार्किक लगे लेकिन गंभीर के लिये रणनीति में ये मामूली बदलाव खिलाड़ियों को 'कम्फर्ट जोन' से बाहर रखकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिये जरूरी है।गंभीर ने कहा ,'' क्रिकेट का मतलब अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकलना ही है। आप इसी तरह से निखरते हैं। अगर सभी कम्फर्ट जोन में रहेंगे तो जड़ता आ जायेगी। हमारे ड्रेसिंग रूम में सब कम्फर्ट जोन से बाहर रहते हैं, चाहे कोचिंग स्टाफहो या खिलाड़ी और आगे भी वही करेंगे जो भारतीय क्रिकेट के लिये अहम है।''

## लय वापिस पाने की कोशिश कर रहा हूं, मेरे ऊपर अधिक जिम्मेदारी है

मोहम्मद शमी ने स्वीकार किया कि भारत के अकेले प्रमुख तेज गेंदबाज होने के नाते उन पर काफी जिम्मेदारी है लेकिन वह अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। चोट से उबरकर वापसी करने वाले शमी ने चोटिल जसप्रीत बुमराह की गैर मौजूदगी में चौम्पियंस ट्रॉफी के दौरान हर्षित राणा या हार्दिक पंड्या के साथ नयी गेंद संभाली।

## बीएफआई 'मौलिक' कर्तव्यों को पूरा करने में विफल, मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति की जरूरत

**नयी दिल्ली ।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने मुक्केबाजी के लिए तदर्थ समिति नियुक्त करने के अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ पिछले एक साल में अपनी 'मौलिक जिम्मेदारियों' को पूरा करने में विफल रहा है और 'व्यवस्था को बहाल करने तथा उचित प्रशासन सुनिश्चित करने' के लिए उनका यह कदम जरूरी था। उषा का यह बयान आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग के 28 फरवरी के पत्र के जवाब में आया है। पूर्व ओलंपिक कांस्य विजेता निशानेबाज ने उन पर 'मनमाने' आदेश जारी करने और खिलाड़ियों के कल्याण को कम करने का आरोप लगाया था। नारंग आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं। आईओए के आदेश पर दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थगन के बावजूद उषा अपनी रुख पर का दृढ़ता से कायम है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) द्वारा दायर याचिका पर अदालत ने आईओए से जवाब मांगते हुए नोटिस जारी किया है। उषा ने नारंग को भेजे जवाब में कहा, ''...आपके (नारंग) इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है कि इस निर्णय या मेरी ओर से किसी कथित मनमानी कार्रवाई के कारण खिलाड़ियों को नुकसान हो रहा है। तदर्थ समिति नियुक्त करने का निर्णय मनमाना नहीं था, बल्कि व्यवस्था बहाल करने, उचित प्रशासन सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के विकास को प्राथमिकता देने के लिए एक आवश्यक कदम था।'' उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकता यह है कि बीएफआई पिछले वर्ष राष्ट्रीय चौंपियनशिप आयोजित करने सहित अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों को पूरा करने में विफल रहा है।'' उन्होंने कहा, '' एशियाई खेल (2026) नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में नयी प्रतिभाओं की पहचान करने, होनहार मुक्केबाजों का चयन करने और भारत की पदक संभावनाओं को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण या अभ्यास कार्यक्रमों को लागू करने के लिए बहुत कम या कोई प्रयास नहीं किया गया है।'

' उषा लंबे समय से कई मुद्दों पर कार्यकारी परिषद के सदस्यों के साथ






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।